गोचरभूमियं ... सीसेहि मरिस्सन्ति, जा॰ अट्ठ॰ 4.223; *अपरेपिस्स तयो सहाया अहेसुं ....* तदे॰ 3.44; **ग. काल एवं देश की दृष्टि से,** बाद वाला, अगला, उत्तर-कालीन, पिछला, अन्तिम – *विपस्सी बोधिसत्तो अपरेन समयेन पञ्चसु उपादानक्खन्धेसु उदयब्बयानुपस्सी विहासी,* दी॰ नि॰ 2.27; *अपरेन समयेनाति एवं पच्चयञ्च पच्चयनिरोधञ्च विदित्वा ततो अपरभागे,* दी॰ नि॰ अट्ठ॰ 2.46; *सो किर तापसो अपरस्मिं काले एकं पच्चन्तगामं निस्साय नदी तीरे वनसण्डे विहासि,* जा॰ अट्ठ॰ 3.319; *दिट्ठे वा धम्मे उपपज्ज वा अपरे वा परियाये,* अ॰ नि॰ 1(1).159; – **काल** पु॰, कर्म॰ स॰ [अपरकाल], आगे आने वाला समय, बाद वाला काल, भविष्य – *पुब्बकालं कोधो, अपरकालं उपनाहो,* विभ॰ 412; *वुत्तञ्चेतं – पुब्बकाले कोधो, अपरकाले उपनाहो'तिआदि,* म॰ नि॰ अट्ठ॰ (मू.प॰) 1(1).113; – **क्खर** पु॰/नपुं॰, कर्म॰ स॰ [अपराक्षर], बाद में आने वाला अक्षर, पश्चाश्रयी अक्षर – *पुब्बक्खरेन अपरक्खरं जानाति नाम,* ध॰ प॰ अट्ठ॰ 2.321; – **गोयान** नपुं॰/पु॰, व्य॰ सं॰ [बौ॰ सं॰ अपरगोदान], बौद्धों की ब्रह्माण्ड-व्याख्या में सिनेरु (सुमेरु) से पश्चिम की ओर स्थित एक महाद्वीप का नाम – *पुब्बविदेहो चापरगोयानं जम्बुदीपो च, उत्तरकुरु चेति सियुं चत्तारो मे महादीपा,* अभि॰ प॰ 183; *सत्तयोजनसहस्सपरिमण्डलंयेव अपरगोयानं,* खु॰ पा॰ अट्ठ॰ 141; *अपरगोयानतो आगतमनुस्सेहि आवसितपदेसो अपरन्तजनपदोति नामं लभि,* म॰ नि॰ अट्ठ॰ (मू.प॰) 1(1).236; *अपरगोयाने मज्झिमयामो,* दी॰ नि॰ अट्ठ॰ 3.46; *सहस्सं अपरगोयानानं,* अ॰ नि॰ 1(1).258; – **गोयानदीप** पु॰, कर्म॰ स॰, उपरिवत् – *गोयानियेति अपरगोयानदीपं,* जा॰ अट्ठ॰ 7.171; *अपरगोयानदीपे उग्गमनकालो इध मज्झन्हिको,* दी॰ नि॰ अट्ठ॰ 3.46; – **गोयानका** पु॰, अपरगोयन नामक महाद्वीप के निवासी – *ते जम्बुदीपका, अपरगोयानका, उत्तरकुरुका, पुब्बविदेहकाति चतुबिधा, इध जम्बुदीपका अधिप्पेता,* खु॰ पा॰ अट्ठ॰ 98; ... *भूमिसया नरा नाम अपरगोयानका च उत्तरकुरुका च,* म॰ नि॰ अट्ठ॰ (मू.प॰) 1(2).316; – **चेतना** स्त्री॰, कर्म॰ स॰ [अपरचेतना], किसी भी कर्म की आधारभूत तीन प्रकार की चेतनाओं में से तीसरे प्रकार की चेतना, दान आदि कर्मों को करते समय अपरभाग में दाता के चित्त में उदित चेतना – ... *पुब्बचेतना, मुञ्चचेतना, अपरचेतनाति तिविधेन उप्पज्जति,* विभ॰ अट्ठ॰ 390; *पुञ्ञन्ति पुब्बचेतना च मुञ्चनचेतना च, पुञ्ञमहीति अपरचेतना,* अ॰ नि॰ अट्ठ॰ 3.172; *अहो वत मे जानी'ति अपरचेतनं परिपुण्णं कातुं नासक्खि,* जा॰ अट्ठ॰ 3.262; ... *इमे ताव तयो पुब्बचेतनाय च अपरचेतनाय चाति द्विन्नं चेतनानं वसेन दुक्खवेदना होन्ति,* म॰ नि॰ अट्ठ॰ (मू.प॰) 1(2).270; तुल॰ अपरभागचेतना; – **रज्जु** अ॰, क्रि॰ वि॰ [अपरेद्यु:], अगले दिन, दूसरे दिन – *अपरस्मिं काले अपरज्ज, अपरज्जु, अपरस्मिं वा,* क॰ व्या॰ 573; *अज्जतना भिक्खुनिसङ्घं पवारेत्वा अपरज्जु भिक्खुसङ्घं पवारेतु'न्ति,* चूळव॰ 440; *सायं वा निक्खमति अपरज्जु वा काले,* स॰ नि॰ 1(1).216; *अपरज्जु वा कालेति दुतियदिवसे वा भिक्खाचारकाले,* स॰ नि॰ अट्ठ॰ 1.237; – **रज्जुगत** त्रि॰, अगले दिन पड़ने वाला, अगले दिन घटित होने वाला/वाली – *अपरज्जुगताय आसाळ्हिया पुरिमिका उपगन्तब्बा, ... पच्छिमिका उपगन्तब्बा,* महाव॰ 181; – **रज्जुदिवसपुब्बभाग** पु॰, तत्पु॰ स॰, दूसरे दिन का पूर्वभाग – *पातोति अपरज्जुदिवसपुब्बभागे,* सु॰ नि॰ अट्ठ॰ 2.98; – **रट्ठम** त्रि॰, कर्म॰ स॰ [अपराष्टम], दूसरा या अन्य आठवां – *पटिसम्भिदारहत्तञ्च, एतं मे अपरट्ठमं,* अप॰ 1.355; – **रण्ण** नपुं॰, अपर + अन्न का स॰ प॰ [अपरान्न], सात प्रकार के खाद्यान्नों से इतर साग सब्जी, दाल आदि खाद्य पदार्थ – *खेत्तं नाम यत्थ पुब्बण्णं वा अपरण्णं वा जायति,* पारा॰ 57; *तत्थ पुब्बण्णन्ति सालिआदीनि सत्त धञ्ञानि, अपरण्णन्ति मुग्गमासादीनि,* पारा॰ अट्ठ॰ 1.272; *खेत्तं नाम यस्मिं पुब्बण्णं रुहति, वत्थु नाम यस्मिं अपरण्णं रुहति,* दी॰ नि॰ अट्ठ॰ 1.72; – **जाति** स्त्री॰, उपरिवत् – *हरेणुकाति अपरण्णजाति,* जा॰ अट्ठ॰ 5.402; – **निस्सित** त्रि॰, तत्पु॰ स॰, दालों या सब्जियों के खेतों के समीप में स्थित – ..., *अपरण्णनिस्सितं वा होति, ..., एतं सारम्भं नाम,* पारा॰ 231; *एसेव नयो अपरण्णनिस्सितादीसुपि,* पारा॰ अट्ठ॰ 2.141; – **रण्ह** पु॰, अपर + अण्ह का स॰ प॰ [अपराह्ण], दिन का मध्याह्न के बाद वाला भाग – ... *पुब्बन्हो, अपरण्हो, अज्जन्हो, ...,* मो॰ व्या॰ 110; – **तो** अ॰, [अपरत:], पश्चिम दिशा की ओर – *सर काणकच्छपं पुब्बसमुद्दे, अपरतो च युगछिद्दं,* थेरीगा॰ 502; – **दिवस** पु॰, कर्म॰ स॰ [अपरदिवस], दूसरा दिन, अगला दिन – *सा पेती तं ... सब्बकामसमिद्धा च हुत्वा अपरदिवसे आयस्मतो ... वन्दित्वा अट्ठासि,* पे॰व॰ अट्ठ॰ 69; – **दीपन / दीपना** नपुं॰/स्त्री॰, अन्य पद्धतियों द्वारा किसी पद की दूसरी व्याख्या या भिन्न निर्वचन, पूर्व-पद का परवर्ती पद द्वारा व्याख्यान या अर्थ का सुदृढ़ीकरण –

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

एत्तकेन हि सब्बम्पि अपरदीपनं सिद्धं होति, विभ॰ अट्ठ॰ 8; *अपरस्स अपरस्सा'ति दीपनं अपरदीपनं,* विभ॰ मू॰ टी॰ 8; *अपरदीपना पनेत्थ द्वे ठानानि गच्छति,* ध॰ स॰ अट्ठ॰ 182; *अपरेन वा पुरिमत्थस्स दीपना अपरदीपना,* ध॰ स॰ मू॰ टी॰ 90; – **रद्ध** त्रि॰, ब॰ स॰ [अपरार्ध], किसी गाथा या वाक्य का बाद में आने वाला आधा भाग, उत्तरार्ध – *ततियगाथायपि पुब्बद्धं तत्थ वुत्तनयमेव अपरद्धे सङ्घोति सज्जनट्ठानं, लग्गनन्ति वुत्तं होति,* सु॰ नि॰ अट्ठ॰ 2.283.

अपरज्झति अप + √राध का वर्त॰, प्र॰ पु॰, ए॰ व॰ [अपराध्यति], **1**. हिंसा करता है, प्रदूषित कर्म करता है – *रज्झति विरज्झति अपरज्झति, अपराधो,* सद्द॰ 2.484; **क**. किसी के विरुद्ध पाप-कर्म करता है – *कोचि पुरिसो किस्मिञ्चिदेव पकरणे अपरज्झति,* मि॰ प॰ 183; – **ज्झामि** तदे॰, उ॰ पु॰, ए॰ व॰ – *क्याहं अय्यानं अपरज्झामि?,* चूळव॰ 180; – **ज्झन्तो** वर्त॰ कृ॰, पु॰, प्र॰ वि॰, ए॰ व॰, अपराध कर रहा, पाप कर्म कर रहा – *तुम्हेसु च देविया च अपरज्झन्तो इमे निस्साय एतेसं ... पापकम्मं करिं,* जा॰ अट्ठ॰ 5.235; – **ज्झन्तं** उपरिवत्, द्वि॰ वि॰, ए॰ व॰ – *तम्पि तथेव अत्तनि अपरज्झन्तं चोरं दिस्वा,* उदा॰ अट्ठ॰ 197; – **ज्झन्तेन** तदे॰, तृ॰ वि॰, ए॰ व॰ – *तस्मिं पच्चेकबुद्धे अपरज्झन्तेन तया कतस्स पापकम्मस्स अनुच्छविकमेवेतं फलं तुम्हं उपनीतं,* पे॰ व॰ अट्ठ॰ 2.50; – **ज्झि** अद्य॰, प्र॰ पु॰, ए॰ व॰, अपराध किया – *मम पुत्तो हुत्वा अग्गमहेसिया अपरज्झि,* जा॰ अट्ठ॰ 4.170; – **ज्झिं** तदे॰, उ॰ पु॰, ए॰ व॰ – *तत्थ भिय्योति यस्मा तादिसे परिसुद्धसीलगुणसम्पन्ने तयि अपरज्झिं,* जा॰ अट्ठ॰ 6.113; *नपिहं अपरज्झिन्ति नपि अहं तस्स किञ्चि अपरज्झिं,* थेरी॰ अट्ठ॰ 291; – **ज्झिंसु** उपरिवत्, ब॰ व॰ – *अपरद्धुन्ति अपरज्झिंसु,* दी॰ नि॰ अट्ठ॰ 1.207; – **ज्झिम्हा** तदे॰, उ॰ पु॰, ब॰ व॰ – ..., *येसं अपरज्झिम्हा,* ..., म॰ नि॰ अट्ठ॰ (मू॰प॰) 1(1).121; – **ज्झित्वा** पू॰ का॰ कृ॰, अपराध करके – *सो पुरिसो महासत्ते अपरज्झित्वा कुट्ठी हुत्वा दिट्ठधम्मेयेव मनुस्सपेतो अहोसि,* जा॰ अट्ठ॰ 5.62; **ख**. न्यूनीभूत, पराजित, रहित, वञ्चित, खो चुका, द्रष्ट॰ अपरज्झन तथा अपरद्ध के अन्त॰.

अपरज्झन नपुं॰, अप + √राध से व्यु॰, क्रि॰ ना॰, केवल पू॰ प॰ के रूप में ही प्रयुक्त, किसी के विरुद्ध दुष्कृत्य या अनुचित कृत्य – **भाव** पु॰, तत्पु॰ स॰, अपराध कर देने की अवस्था, दुष्कृत्य कर देने की दशा – *कलिंव कितवा सठोति एत्थ सकुणेसु अपरज्झनभावेन अत्तभावो कलि नाम,* ध॰ प॰ अट्ठ॰ 2.216.

अपरट्ठ त्रि॰, अपरद्ध का अप॰, परिभ्रष्ट, च्युत, वञ्चित – *अपरद्धोति अरहत्तमग्गप्पत्तितो पट्ठाय परिभट्ठो चुतो न अभिनिब्बत्तिस्साति, अपरट्ठो'ति वा पाठो, अपगतसमिद्धितो समुच्छिन्नकारणत्ता अपगतोति अत्थो,* थेरगा॰ अट्ठ॰ 1.185.

अपरद्ध त्रि॰, अप + √राध का भू॰ क॰ कृ॰, **क**. किसी अभिप्रेत की प्राप्ति से वञ्चित, परिभ्रष्ट, रिक्त, तुच्छ, पराजित व्यक्ति – *त्वं, ... समनुयुञ्जियमानो ... रित्ते तुच्छो अपरद्धो,* म॰ नि॰ 1.299; *अपरद्धोति पराजितो,* म॰ नि॰ अट्ठ॰ (मू॰प॰) 1(2).177; *असुद्धो मञ्ञसि सुद्धो, सुद्धिमग्गा अपरद्धो'ति,* स॰ नि॰ 1(1).122; *अपरद्धोति दूरे त्वं सुद्धिमग्गा'ति वदति,* स॰ नि॰ अट्ठ॰ 1.149; *भगवता सके ... समनुभासियमाना रित्ता तुच्छा अपरद्धा'ति,* म॰ नि॰ 2.236; *यस्स ..., याव अपरद्धञ्च ते इदं आचरियस्स ब्राह्मणस्स पोक्खरसातिस्स,* दी॰ नि॰ 1.90; *अपरद्धोति अरहत्तमग्गपत्तितो पट्ठाय परिभट्ठो चुतो न अभिनिब्बत्तिस्सति,* थेरगा॰ अट्ठ॰ 1.185; **ख**. कर्तृ॰ वा॰ में, अपराध कर चुका, पापकर्म कर चुका, दुष्कृत्य कर चुका – *यदि पन तस्सा पुत्तो अपरद्धो होति वेलातिवत्तो,* मि॰ प॰ 153; *येन एवं ... भिक्खुसङ्घे अपरद्ध'न्ति तमत्थं तस्स ... गच्छ,* पे॰ व॰ अट्ठ॰ 168; **ग**. कर्म॰ वा॰ में, वह, जिसके द्वारा अपराध या पापकर्म किया गया है – *किस्स तया अपरद्धं, भण विस्सट्ठा यथाभूतं,* थेरीगा॰ 419.

अपरद्धमेसी त्रि॰, [अपराधगवेषिन्], दूसरों के गुणों को न देख उनके दोषों को खोजने वाला, परछिद्रान्वेषी – *रन्धमेसीति विरन्धमेसी अपरद्धमेसी खलितमेसी गळितमेसी विवरमेसीति,* महानि॰ 121; *अपरद्धमेसीति गुणं अपनेत्वा दोसमेव गवेसी,* महानि॰ अट्ठ॰ 227.

अपरन्त पु॰, कर्म॰ स॰ [अपरान्त], 1. पश्चिम दिशा – *सो कदाचि पुब्बन्ततो अपरन्तं गच्छति, कदाचि अपरन्ततो पुब्बन्तं,* जा॰ अट्ठ॰ 1.107; ... *पुब्बन्तापरन्तं गच्छन्तो ...,* जा॰ अट्ठ॰ 1.352; **2**. भविष्य, जीवन का आगे आने वाला भाग – *एके समणब्राह्मणा अपरन्तकप्पिका अपरन्तानुदिट्ठिनो, अपरन्तं आरब्भ अनेकविहितानि अधिमुत्तिपदानि अभिवदन्ति चतुचत्तारीसाय वत्थूहि,* दी॰ नि॰ 1.26; *तत्थ अनागतकोट्ठाससङ्खातं अपरन्तं कप्पेत्वा गण्हन्तीति अपरन्तकप्पिका, अपरन्तकप्पो वा एतेसं अत्थीति अपरन्तकप्पिका,* दी॰ नि॰ अट्ठ॰ 1.101; **3**. पश्चिमी भारत के एक क्षेत्र का प्राचीन नाम – *अपरगोयानतो आगतमनुस्सेहि आवसितपदेसो अपरन्तजनपदो'ति नामं लभि,* दी॰ नि॰ अट्ठ॰ 2.65; *अपरन्ते जनपदे कुमुदभण्डिका नाम धञ्ञजाति मासलूना*

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

अन्तोगेहगता होति, मि॰ प॰ 270; *सुरङ्गा अपरन्ता च, आगच्छन्ति ममं घरं*, अप॰ 1.394.

अपरन्तकप्प पु॰, [अपरान्तकल्प], भावी जीवन के विषय में कल्पना, जीवन के भविष्य से सम्बन्धित मत – *तत्थ अनागतकोट्ठाससङ्खातं अपरन्तं कप्पेत्वा गण्हन्तीति अपरन्तकप्पिका, अपरन्तकप्पो वा एतेसं अत्थीति अपरन्तकप्पिका*, दी॰ नि॰ अट्ठ॰ 1.101.

अपरन्तकप्पिक त्रि॰, अपरन्तकप्प से व्यु॰ [अपरान्तकल्पिक], भविष्य में जीवन की विद्यमानता का प्रतिपादन करने वाला, या उनमें विश्वास रखने वाला – *समणब्राह्मणा अपरन्तकप्पिका अपरन्तानुदिट्ठिनो*, दी॰ नि॰ 1.26; *तत्थ अनागतकोट्ठाससङ्खातं अपरन्तं कप्पेत्वा गण्हन्तीति अपरन्तकप्पिका, अपरन्तकप्पो वा एतेसं अत्थी ति अपरन्तकप्पिका*, दी॰ नि॰ अट्ठ॰ 1.101.

अपरन्तप त्रि॰, परन्तप का निषे॰ [अपरन्तप], दूसरों को कष्ट या पीड़ा न देने वाला – *सो अनत्तन्तपो अपरन्तपो दिट्ठेव धम्मे निच्छातो निब्बुतो सीतीभूतो सुखप्पटिसंवेदी ब्रह्मभूतेन अत्तना विहरति*, दी॰ नि॰ 3.185; म॰ नि॰ 2.3; 81; 376-77.

अपरन्तसहगत त्रि॰, तत्पु॰ स॰ [अपरान्तसहगत], भविष्य या जीवन में आगे आने वाले भाग से सम्बन्धित – *येपि ते, चुन्द, अपरन्तसहगता दिट्ठिनिस्सया*, ..., दी॰ नि॰ 3.102; *इमेसञ्च, चुन्द, पुब्बन्तसहगतानं दिट्ठिनिस्सयानं इमेसञ्च अपरन्तसहगतानं दिट्ठिनिस्सयानं पहानाय ..., देसिता पञ्ञत्ता*, दी॰ नि॰ 3.104-05.

अपरन्तानुदिट्ठि[1] स्त्री॰, कर्म॰ स॰ [अपरान्तानुदृष्टि], भविष्य-विषयक, मिथ्या-दृष्टिकोण या मत, आगे आने वाले जीवन के भाग से सम्बन्धित मिथ्या अवधारणा – *अपरन्तं अनुगता दिट्ठि अपरन्तानुदिट्ठि*, ध॰ स॰ अट्ठ॰ 98; *इमिना तत्थेव आगता चतुचत्तालीस अपरन्तानुदिट्ठियो गहिता*, ध॰ स॰ अट्ठ॰ 415; *पुब्बन्तानुदिट्ठीनं असति, अपरन्तानुदिट्ठियो न होन्ति*, स॰ नि॰ 2(1).42; *अपरन्तानुदिट्ठीनं असति, थामसो परामासो न होति*, तदे॰.

अपरन्तानुदिट्ठि[2] त्रि॰, ब॰ स॰, भविष्य के जीवन के विषय में दृष्टिकोण रखने वाला या उस पर विश्वास रखने वाला – *ते च भोन्तो ... अपरन्तकप्पिका अपरन्तानुदिट्ठिनो अपरन्तं आरब्भ अनेकविहितानि ... चतुचत्तारीसाय वत्थूहि*, दी॰ नि॰ 1.26.

अपरन्तिका स्त्री॰, [अपरान्तिका], एक छन्द का नाम जिसके प्रत्येक पाद में 12 वर्ण रहते हैं – *अस्स या समकता परान्तिका*, वुत्तो॰ 35.

अपरपच्चय अपरप्पच्चय के अन्त॰ द्रष्ट॰.

अपरपजा स्त्री॰, कर्म॰ स॰ [अपरप्रजा], आगे जन्म लेने वाली सन्तानें, पौत्र, पौत्री आदि, भावी सन्ततियां, अगली पीढ़ी – ..., *अपरपजा चस्स पटिपूजेन्ति*, दी॰ नि॰ 3.145; *अपरपजा चस्स पटिपूजेन्तीति सहायस्स पुत्तधीतरो पजा नाम, तेसं पन पुत्तधीतरो च नत्तुपनत्तका च अपरपजा नाम*, दी॰ नि॰ अट्ठ॰ 3.125.

अपरपट्ठिय अपरप्पट्ठिय के अन्त॰ द्रष्ट॰.

अपरपरियाय / अपरापरियाय पु॰, कर्म॰ स॰, अपरापरिय का अप॰ [अपरापर्य], जीवन की आगे चलने वाली यात्रा, अगला जन्म, पुनर्जन्म – *निरयम्पि गच्छतीतिआदि निरयादीहि अविप्पमुत्तता अपरपरियायवसेन तत्थ गमनं सन्धाय वुत्तं*, अ॰ नि॰ अट्ठ॰ 2.225; – **वेदनीय** त्रि॰, तत्पु॰ स॰ [अपरापर्यवेदनीय], जन्मान्तरों में अनुभव किये जाने योग्य, बारी-बारी से अनुभव किये जाने योग्य, एक एक कर अनुभव किये जाने योग्य – *उभिन्नमन्तरे पञ्चजवनचेतना अपरापरियवेदनीयकम्मं नाम होति*, म॰ नि॰ अट्ठ॰ (म॰प॰) 2.242; *दिट्ठधम्मवेदनीयं उपपज्जवेदनीयं अपरपरियायवेदनीयं*, अ॰ नि॰ अट्ठ॰ 2.105; *यं पन अपरपरियायवेदनीयं, तं अञ्ञत्र अपरपरियाये वेदयितब्बफलं होति ... अत्थो*, पे॰ व॰ अट्ठ॰ 209; – **वेदनीयकम्म** नपुं॰, कर्म॰ स॰ [अपरापर्यवेदनीयकर्मन्], भावी जन्मों में अथवा क्रमशः अनुभव किये जाने योग्य विपाक वाला कर्म – *उभिन्नं अन्तरे पन पञ्चजवनचेतना अपरपरियायवेदनीयकम्मं नाम*, अ॰ नि॰ अट्ठ॰ 2.106; म॰ नि॰ अट्ठ॰ (म॰प॰) 2.242.

अपरपाद पु॰, केवल ब॰ व॰ में प्राप्त, पीछे वाले पैर – *ततो अपरपादेसु, दळ्हं बन्धं लतागुणं*, जा॰ अट्ठ॰ 3.330; *अपरपादेसूति पच्छापादेसु*, तदे॰.

अपरप्पच्चय[1] त्रि॰, परपच्चय का निषे॰, ब॰ स॰ [अपरप्रत्यय], दूसरों पर आश्रित या निर्भर न रहने वाला, आत्मनिर्भर, दूसरों पर श्रद्धा या भरोसा न रखने वाला – *दिट्ठधम्मा ... तिण्णविचिकिच्छा ... वेसारज्जप्पत्ता अपरप्पच्चया सत्थुसासने भगवन्तं एतदवोचुं*, महाव॰ 16; *नास्स परो पच्चयो, न परस्स सद्धाय एत्थ वत्ततीति अपरप्पच्चयो*, दी॰ नि॰ अट्ठ॰ 1.224; *अपरप्पच्चयाति परप्पच्चयो वुच्चति परसद्धा परपत्तियायना, ताय विरहिताति अत्थो*, अ॰ नि॰ अट्ठ॰ 3.100; *सच्छिकत्वाति अत्तनायेव पञ्ञाय पच्चक्खं कत्वा, अपरप्पच्चयं ञत्वाति अत्थो*, सु॰ नि॰ अट्ठ॰ 1.124; म॰ नि॰ अट्ठ॰ (म॰प॰) 2.76; *यो सारो ब्रह्मचरियस्स, तस्मिं अपरपच्चया*, स॰ नि॰

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

2(1).78; *तस्मिं अपरपच्चयाति तस्मिं अरियफले, न अञ्ञं पत्तियायन्ति, पच्चक्खतोव पटिविज्झित्वा ठिता,* स॰ नि॰ अट्ठ॰ 2.251; – **भाव** पु॰, [अपरप्रत्ययभाव], आत्मनिर्भरता, किसी अन्य के प्रति श्रद्धावान् न होने की अवस्था – *तं किन्ति केन कारणेन अहं अवेच्च अपरपच्चयभावेन सद्दहेय्यं,* पे॰ व॰ अट्ठ॰ 196-197.

अपरप्पच्चय² पु॰, कर्म॰ स॰ [अपरप्रत्यय], आत्मनिर्भरता, अन्य के प्रति श्रद्धा का अभाव, दूसरों पर आश्रय का अभाव – *सयं अभिञ्ञा सच्छिकत्वाति अत्तनायेव पञ्ञाय पच्चक्खं कत्वा, अपरप्पच्चयेन ञत्वाति अत्थो,* उदा॰ अट्ठ॰ 140; म॰ नि॰ अट्ठ॰ (मू॰प॰) 1(1).173-74; ... *अपरपच्चया ञाणमेवस्स एत्थ होति,* स॰ नि॰ 1(2).17; *अपरप्पच्चयाति न परप्पच्चयेन, अञ्ञस्स अपत्तियायेत्वा अत्तपच्चक्खञाणमेवस्स एत्थ होतीति,* स॰ नि॰ अट्ठ॰ 2.30.

अपरप्पत्तिय त्रि॰, अपरपच्चय का ही वैकल्पिक शब्द, परप्पत्तिय का निषे॰ [अपरपत्तिक], किसी अन्य पर श्रद्धाभाव न रखने वाला – *अपरप्पच्चयोति अपरप्पत्तियो,* म॰ नि॰ अट्ठ॰ (मू॰प॰) 1(2).178; *न परो पत्तियो सद्दहातब्बो एतस्स अत्थीति अपरप्पत्तियो,* म॰ नि॰ टी॰ (मू॰प॰) 1(2).194; *अनीतिहन्ति इतिहपरिवज्जितं, अपरपत्तियन्ति अत्थो,* अ॰ नि॰ अट्ठ॰ 2.267; *रञ्ञा नाम ..., अपरपत्तियेन हुत्वा सब्बानि किच्चानि अत्तपच्चक्खेनेव कातब्बानि,* जा॰ अट्ठ॰ 5.108.

अपरभाग पु॰, कर्म॰ स॰ [अपरभाग], **क. काल के सन्दर्भ में**, आगे आने वाला समय, भावी समय; **1. क्रि॰ वि॰ के रूप में सप्त॰ वि॰, ए॰ व॰ में** – आगे चलकर, बाद में, फलस्वरूप – *चक्खादीनं ... पुब्बभागे ... एव अपरभागे अवस्समुप्पत्तितो आरम्मणाधिग्गहितुप्पन्नन्ति वुच्चति,* सु॰ नि॰ अट्ठ॰ 1.7; *सा अपरभागे अञ्ञम्पि पुत्तं लभि,* ध॰ प॰ अट्ठ॰ 1. 3; **2. ष॰ वि॰ में अन्त होने वाले पद के उपरान्त प्रयुक्त** – के पीछे, के उपरान्त – *तस्स सत्थुनो अपरभागे कोण्डञ्ञो मङ्गलो सुमनो रेवतो ...,* ध॰ प॰ अट्ठ॰ 1.49; *दीपङ्करस्स पन भगवतो अपरभागे एकं असङ्ख्येय्यं कोण्डञ्ञो नाम सत्था उदपादि,* जा॰ अट्ठ॰ 1.40; **ख.** बाद वाला भाग, परवर्ती भाग – *..., तस्सेव अपरभागेन कङ्खावितरणेन कथंकथीभावस्स, ...,* सु॰ नि॰ अट्ठ॰ 1.8; **ग.** पश्चिम दिशा – *अपरभागे विसाणाय राजधानिया रज्जं कारेसि,* दी॰ नि॰ अट्ठ॰ 3.135.

अपररत्त नपुं॰, तत्पु॰ स॰ [अपररात्र], रात्रि का उत्तरार्द्ध, रात का अन्तिम प्रहर – *रत्तिया पुब्बं पुब्बरत्तं, रत्तिया अपरं अपररत्तं,* पारा॰ अट्ठ॰ 1.178.

अपरवत्त नपुं॰, [अपरवक्त्रा], एक छन्द का नाम, जिसके प्रत्येक पाद में 11 वर्ण रहते हैं तथा जो अर्धसमवृत्त नामक छन्द-वर्ग के अन्तर्गत वेतालिय का एक प्रभेद है – *यदि ननरलगा न जा जरा, यदि च तदापरवत्तमिच्छति,* वुत्तो॰ 114.

अपरवम्भना स्त्री॰, परवम्भना का निषे॰, दूसरों की अवज्ञा का अभाव, अन्य लोगों की उपेक्षा या तिरस्कार न करना – *अयञ्च सम्मादिट्ठि ... अरियानं अपच्चनीकता सद्धम्मसञ्ञत्ति अनत्तुक्कंसना अपरवम्भना,* म॰ नि॰ 2.73; 78.

अपरवम्भी त्रि॰, परवम्भी का निषे॰, दूसरों की अवज्ञा या निन्दा न करने वाला – *..., अनत्तुक्कंसका अपरवम्भी अरञ्ञवनपत्थानि पन्तानि ... अञ्ञतरो'ति,* म॰ नि॰ 1.25; *पुन चपरं, भिक्खु अनत्तुक्कंसको होति अपरवम्भी,* म॰ नि॰ 1.135; – **म्भिता** स्त्री॰, अपरवम्भी का भाव॰, दूसरों की निन्दा न करने की प्रकृति – *अनत्तुक्कंसकतं अपरवम्भितं अत्तनि सम्पस्समानो भिय्यो पल्लोममापादिं अरञ्ञे विहाराय,* म॰ नि॰ 1.25.

अपरसेल पु॰, कर्म॰ स॰ [अपरशैल], 1. पश्चिम की दिशा में स्थित पर्वत – *मंदारो परसेलोत्थो,* अभि॰ प॰ 606; **2.** एक विहार का नाम, अपरसेलिय के अन्त॰ द्रष्ट॰.

अपरसेलिय त्रि॰, अपरसेल से व्यु॰ [बौ॰ सं॰ अपरशैलीय], अशोक के समय तक विकसित 18 बौद्ध-निकायों में से एक निकाय तथा उसके अनुयायी – *अपरापरं पन हेमवतिका, ..., अपरसेलिया, वाजिरियाति अञ्ञेपि छ आचरियवादा उप्पन्ना,* कथा॰ अट्ठ॰ 105; *अन्धका नाम पुब्बसेलिया, अपरसेलिया, ..., इमे पच्छा उप्पन्ननिकाया, तदे॰;* *पुब्बसेलियभिक्खू च तथा अपरसेलिया,* म॰ वं॰ 5.12.

अपराजित¹ त्रि॰, परा + √जि के भू॰ क॰ कृ॰ का निषे॰ [अपराजित], वह, जो पराजित नहीं हुआ है, नहीं हराया गया, अनभिभवनीय; – **तो** पु॰, प्र॰ वि॰, ए॰ व॰ – *अत्थि सक्यकुले जातो, सम्बुद्धो अपराजितो,* थेरीगा॰ 192; *अत्थदस्सी तु भगवा, सयम्भू अपराजितो,* अप॰ 1.85; 375; – **तं** द्वि॰ वि॰, ए॰ व॰ – *एका वासि मया दिन्ना, सयम्भुं अपराजितं,* अप॰ 1.233; – **ता** प्र॰ वि॰, ब॰ व॰ – *एतादिसानि कत्वान, सब्बत्थमपराजिता,* सु॰ नि॰ 272; *सब्बत्थमपराजिताति सब्बत्थ खन्धकिलेसाभिसङ्खारदेवपुत्तमारप्पभेदेसु चतूसु पच्चत्थिकेसु एकेनापि अपराजिता हुत्वा, सयमेव ते चत्तारो मारे पराजेत्वाति वुत्तं होति,* खु॰ पा॰ अट्ठ॰ 125; – **ते** द्वि॰ वि॰, ब॰ व॰ – *पच्चेकबुद्धेनेकसते, सयम्भू अपराजिते,* अप॰ 1.3; – **द्धान**

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

नपुं., तत्पु. स. [अपराजितस्थान], अपराजेय प्राणी का स्थान - *अपराजितट्ठानम्हि, बोधिपल्लङ्कमुत्तमे,* बु. वं. 361; अप. 2.361; - **पल्लङ्क** पु., तत्पु. स. [अपराजितपर्यङ्क], अपराजेय व्यक्ति का पालथी लगाकर बैठना, बोधिवृक्ष के नीचे सिद्धार्थ का ध्यान की अवस्था में शान्तभाव से विशेष आसन बना कर बैठना - ... *अपराजितपल्लङ्कं आभुजित्वा निसीदि,* जा. अट्ठ. 1.81; ... *बोधिरुक्खमूले अपराजितपल्लङ्के ... उदपादि,* सु. नि. अट्ठ. 1.117; - **संघ** पु., कर्म. स. [अपराजितसङ्घ], अपराजेय अर्हतों का समूह - *आगतम्ह इमं धम्मसमयं, दक्खिताये अपराजितसङ्घ'न्ति,* स. नि. 1(1).31; *दक्खिताये अपराजितसङ्घन्ति केनचि अपराजितं अज्जेव तयो मारे मद्दित्वा विजितसङ्गामं इमं अपराजितसङ्घं दस्सनत्थाय आगतम्हाति अत्थो,* स. नि. अट्ठ. 1.69.

अपराजित[2] पु., व्य. सं., **1**. एक चक्रवर्ती राजा का नाम - *इतो च सत्तमे कप्पे, एकोसिं अपराजितो,* अप. 1.225; **2**. एक गृहस्थ का नाम - *कनिट्ठस्स अपराजितोति,* ध. प. अट्ठ. 2.399; ... *अपराजितोयेव नाम भागिनेय्यो उपसङ्कमित्वा,* ध. प. अट्ठ. 2.400.

अपराजिता स्त्री., [अपराजिता], **1**. एक जड़ी या औषधीय पादप का नाम, गिरिकर्णी नाम की जड़ी का दूसरा नाम - *गिरिकण्ण्यपराजिता,* अभि. प. 584; **2**. सक्करी वर्ग के अन्त. परिगणित एक समवृत्त छन्द, जिसके प्रत्येक पाद में 14 वर्ण रहते हैं - *न-न-र-स-लहु-गा सरेहि'पराजिता,* वुत्तो. 89.

अपराध पु., अप + √राध से व्यु., क्रि. ना. [अपराध], अपराध, पाप से भरे-बुरे काम, दोषमय क्रियाकलाप, बाधक कार्य - *आगु वुत्तमपराधो,* अभि. प. 355; - **धो** प्र. वि., ए. व. - *किं चिन्तयमानो दुम्मनोसि, नून देव अपराधो अत्थि मय्ह'न्ति,* जा. अट्ठ. 6.214; - **धं** द्वि. वि., ए. व. - *अत्थं करिस्स'न्ति मुसा अभाणिं, एकापराधं खम राजसेट्ठ,* जा. अट्ठ. 3.348; - **धेन** तृ. वि., ए. व. - *सत्ता च अत्तनो अपराधेन न तथा विहञ्ञन्ति,* उदा. अट्ठ. 265; - **धस्स** ष. वि., ए. व. - *अकारकाति अपराधस्स न कारका,* उदा. अट्ठ. 211; - **धे** सप्त. वि., ए. व. - *यो पन ... तस्मिं तस्मिं अपराधे अपराधानुरूपं वधबन्धनछेदनताळनादिवसेन करोति,* जा. अट्ठ. 2.195; - **क** त्रि., अपराध से व्यु. [अपराधक], अपराध करने वाला, बुरे काम करने वाला - *अपराधका दूसका हेठका च, लभन्ति ते राजिनो निज्झपेतुं,* जा. अट्ठ. 4.448; - **कारक** त्रि., [अपराधकारक], उपरिवत्; - **रिका** स्त्री., अपराध करने वाली नारी - *अहं रञ्ञो महापतापस्स अपराधकारिका, ...,* जा. अट्ठ. 3.153; - **रहित** त्रि., [अपराधरहित], निरपराधी, बेकसूर - *अनापराधकम्मन्तन्ति कामकम्मादीसु अपराधरहितं,* जा. अट्ठ. 6.309; - **धानुरूपं** अ., क्रि. वि., किये गये अपराध के अनुसार - *अपराधे अपराधानुरूपं वधबन्धनछेदनताळनादिवसेन करोति,* जा. अट्ठ. 2.195; *अपराधं पन अनुविज्जित्वा अपराधानुरूपं असाहसेन विनिच्छयं करोन्ता ...,* ध. प. अट्ठ. 2.219.

अपराधी त्रि., अपराध से व्यु. [अपराधिन्], अपराध करने वाला - ... *राजापराधिनो हुत्वा अरञ्ञं पविसित्वा चोरिकाय जीविकं कप्पेन्ता ...,* उदा. अट्ठ. 344.

अपराधिक त्रि., अपराध से व्यु., प्रायः स. उ. प. में प्रयुक्त [अपराधिन्], **शा. अ.** किसी के विरुद्ध अपराधकर्म करने वाला - *ते तं सासनं सुत्वा संसारे विचरन्तानं न पुत्तो न धीता नाम नत्थि, ते अम्हाकं महापराधिका, ...,* जा. अट्ठ. 1.122; अ. नि. अट्ठ. 1.167; *तस्स इस्सरापराधिकस्स पुरिसस्स कतदोसो अहन्ति जानन्तस्स ... उप्पज्जेय्या'ति,* मि. प. 150; *अनेकदिवसं उपरिगङ्गाय राजापराधिकं चोरं हत्थपादे च कण्णनासञ्च छिन्दित्वा ... पवाहेसुं,* जा. अट्ठ. 2.97; *वेस्सवणापराधिको विय यक्खो,* मि. प. 20; **ला. अ.** च्युत हो जाने वाला, परिभ्रष्ट, वञ्चित - *अविज्जानिवुतो पोसो, सद्धम्मं अपराधिको,* अ. नि. 3(1).62; ..., *अहमेवेत्थ अपराधिको,* अ. नि. अट्ठ. 2.11.

अपराधिकता स्त्री., अपराधिक का भाव., अपराधी होना, अपराधी होने की अवस्था - *किं तत्थ कारणं? अपराधिकता, एवमेव ... पवत्तोतं,* मि. प. 183.

अपराधित त्रि., अप + √राध के प्रेर. का भू. क. कृ., खो चुका, खो दिया गया, अपराध किया गया - *अत्थञ्च धम्मं अनुसास मं इसे, अतीतमद्धा अपराधितं मया,* जा. अट्ठ. 7.140; ... *अपराधितं मया ति एकंसेन मया अतीतं कम्मं अपराधितं विराधितं,* तदे.; *किं ते अपराधितं मया, यं मं ओवरियानं तिट्ठसि,* थेरीगा. 369; - **कम्म** नपुं., कर्म. स., अकुशल कर्म, अनुचित कर्म, बुरा काम - *इदं वा राजापराधितकम्मं तया कतन्ति एवरूपं दारुणं अब्भक्खानं वा,* ध. प. अट्ठ. 2.40.

अपराधीन त्रि., पराधीन का निषे. [अपराधीन], स्वतन्त्र, वह जो दूसरों के सहारे पर नहीं है, स्वाधीन, आत्मनिर्भर - ... *अत्ताधीनो अपराधीनो भुजिस्सो येनकामंगमो,* दी. नि. 1.64; म. नि. 1.348; - **ता** स्त्री., अपराधीन का भाव.

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

[अपराधीनता], स्वाधीनता, स्वतन्त्रता, आत्मनिर्भरता - *यं पनेत्थ सब्बत्थेव अपराधीनताय लभति चित्तसुखं*, उदा॰ अट्ठ॰ 128; - **वुत्ति** त्रि॰, ब॰ स॰ [अपराधीनवृत्ति], स्वतन्त्र जीवन-वृत्ति वाला व्यक्ति, वह, जिसकी जीवन-पद्धति किसी दूसरे पर आश्रित नहीं है - *इमं उदानन्ति इमं पराधीनापराधीनवुत्तीसु आदीनवानिसंसपरिदीपकं उदानं उदानेसि*, उदा॰ अट्ठ॰ 127.

अपराधेति अप + √राध के प्रेर॰ का वर्त॰, प्र॰ पु॰, ए॰ व॰ [अपराधयति], **शा॰ अ॰** अनुचित रूप में होने या करने हेतु प्रेरित करता है, असफल उकसाता है, **ला॰ अ॰** उपेक्षा करता है - *चेतसा विहरन्तो अकिच्चं करोति, किच्चं अपराधेति*, अ॰ नि॰ अट्ठ॰ 1(2).77; *किच्चं अपराधेतीति कत्तब्बयुत्तकं किच्चं अकरोन्तो तं अपराधेति नाम*, अ॰ नि॰ अट्ठ॰ 2.305; - **त्वा** पू॰ का॰ कृ॰, उपेक्षा करके - *सो तस्सापि वचनं ... तमेव अपराधेत्वा कालं कत्वा पदुमनिरये उप्पज्जि*, सु॰ नि॰ अट्ठ॰ 2.178.

अपरापर त्रि॰, [अपरापर], लगातार क्रम वाला, एक के बाद दूसरा, कई एक, बहुत सारे, विविध प्रकार के - *अपि च अपरापरं निब्बाहनं सोतुकामो न सम्पटिच्छि'न्ति*, मि॰ प॰ 283; - **रे** पु॰, प्र॰ वि॰, ब॰ व॰ - *अपरापरे पन ब्राह्मणा पाणातिपातादीनि पक्खिपित्वा तयो वेदे भिन्दित्वा बुद्धवचनेन ... अकंसु*, म॰ नि॰ अट्ठ॰ (म॰प॰) 2.298; दी॰ नि॰ अट्ठ॰ 1.221; *अपरापरे पनाति अट्ठकादीहि अपरा परे पच्छिमा ओक्काकराजकालादीसु उप्पन्ना*, लीन॰ (दी॰नि॰टी॰) 1.273; - **रा** स्त्री॰, प्र॰ वि॰, ब॰ व॰ - *रत्तियो पत्थयन्तेन, उळारा अपरापरा*, स॰ नि॰ 1(1).104; - **रेसु** सप्त॰ वि॰, ब॰ व॰ - *तस्मा तस्स भगवा अपरापरेसुपि दिवसेसु पिण्डाय चरितब्बं, ...*, सु॰ नि॰ अट्ठ॰ 2.194.

अपरापरं अ॰, क्रि॰ वि॰ [अपरापरं], **क**. इधर-उधर, इस छोर से उस छोर, एक किनारे से दूसरे किनारे तक - *अपरापरं परियेसन्ति*, महानि॰ 271; *अपरापरं परियेसन्तीति उपरूपरि गवेसन्ति*, महानि॰ अट्ठ॰ 320; *सो पासादो ... अपरापरं कम्पति चलति न सन्तिट्ठति*, म॰ नि॰ अट्ठ॰ (मू॰प॰) 1(2).199; *सो हत्थी ... अपरापरं करोन्तो कीळति, उक्खिपित्वा कुम्भे पतिट्ठापेति*, जा॰ अट्ठ॰ 1.188; *ते अपरापरं संसरन्ता एकं बुद्धन्तरं देवलोके खेपेत्वा अम्हाकं भगवतो काले ... निब्बति*, उदा॰ अट्ठ॰ 145; **ख**. पुनः पुनः, बार-बार, और भी आगे - *रज्जा विनिच्छितकालतो पट्ठाय अट्टो अपरापरं न सञ्चरति, राजवचनेनेव छिज्जति*, म॰ नि॰ अट्ठ॰ (मू॰प॰) 1(2).150; ... *महामेघो अपरापरं अनुप्पबन्धो अभिवस्सेय्य*, मि॰ प॰ 135; **ग**. शनैः शनैः, क्रमशः, एक-एक करके - *अपरापरं पनेत्थ मनुस्सा भिक्खुसङ्घस्स रत्तिट्ठानदिवाट्ठानमण्डपचङ्कमादीनि करिंसु*, म॰ नि॰ अट्ठ॰ (मू॰प॰) 1(2).135; *तस्स अपरापरं पीति उप्पज्जति*, मि॰ प॰ 273; *अपरे पन ... अपरापरं जरामरणेहि सिवथिकवड्ढना'ति अत्थं वदन्ति*, उदा॰ अट्ठ॰ 287.

अपरापरिय नपुं॰, अपरापर से व्यु॰ [अपरापर्य], लगातार चली आ रही परम्परा, पुनर्जन्मों का लगातार चल रहा सिलसिला - *दिट्ठेव धम्मे गरहं सम्पराये दुग्गतिं अपरापरिये उम्मादञ्च पापुणाति*, खु॰ पा॰ अट्ठ॰ 115; - **वेदनीय** त्रि॰, तत्पु॰ स॰ [अपरापर्यवेदनीय], पुनर्जन्मों में अनुभव किया जाने वाला, चार प्रकार के कर्मों में से वह कर्म जिसके विपाकों का संवेदन अगले जन्मों में होता है - *अपरापरियवेदनीयं कम्मं अपरापरियवेदनीयट्ठेन नियतन्ति?*, कथा॰ 492; *दिट्ठधम्मवेदनीयं उपपज्जवेदनीयं अपरापरियवेदनीयं अहोसिकम्मञ्चेति पाककालवसेन चत्तारि कम्मानि नाम*, अभि॰ ध॰ स॰ 36; *अपरे अपरे दिट्ठधम्मतो अञ्ञस्मिं यत्थ कत्थचि अत्तभावे वेदितब्बं कम्मं अपरापरियवेदनीयं*, अभि॰ ध॰ स॰ 155; - **वेदनीयकम्म** नपुं॰, तत्पु॰ स॰ [अपरापर्यवेदनीयकर्मन्], अगले जन्मों में अनुभव में आने वाला कर्म - *विपाकं दत्वाव नस्सतीति अपरापरियवेदनीयकम्मं सन्धायाह*, जा॰ अट्ठ॰ 4.353; *उभिन्नमन्तरे पञ्चजवनचेतना अपरापरियवेदनीयकम्मं नाम*, अभि॰ अव॰ 154; - **वेपक्क** त्रि॰, तत्पु॰ स॰, अगले जन्मों में विपाक को प्राप्त करने वाला कर्म - *अप्पट्ठियं कम्मं अपरापरियवेपक्कन्ति?*, कथा॰ 384.

अपरापरियाय द्रष्ट॰ अपरपरियाय के अन्त॰.

अपरापरुप्पत्तिक त्रि॰, ब॰ स॰ [अपरापरोत्पत्तिक], शनैः शनैः अथवा क्रमशः उत्पन्न होने वाला/वाली - *अपरापरुप्पत्तिका वनथा नाम*, ध॰ प॰ अट्ठ॰ 2.243.

अपरापरुप्पन्न त्रि॰, कर्म॰ स॰ [अपरापरोत्पन्न], उत्तर-काल में उत्पन्न, क्रमशः उत्पन्न, हेतु-प्रत्ययों की अपेक्षा से उत्पन्न - *सा अपरापरुप्पन्नाय अविज्जाय उपनिस्सयपच्चयो होति*, म॰ नि॰ अट्ठ॰ 1(1).233.

अपरामट्ठ त्रि॰, परामट्ठ का निषे॰ [अपरामृष्ट], **शा॰ अ॰** स्पर्श न किया हुआ, **ला॰ अ॰** अप्रभावित, अदूषित, अगृहीत - ... *सीलानि अखण्डानि अच्छिद्दानि ... अपरामट्ठानि समाधिसंवत्तनिकानि ...*, दी॰ नि॰ 2.63; *तण्हादिट्ठीहि*

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

अपरामट्ठत्ता - इदं नाम त्वं आपन्नपुब्बो'ति केनचि परामट्ठुं असक्कुणेय्यत्ता च अपरामट्ठानि, दी. नि. अट्ठ. 2.113; *दिट्ठिया पहीनता दिट्ठिपरामासेन अग्गहितत्ता अपरामट्ठा,* पटि. म. अट्ठ. 1.171; 183; *अरियकन्तेहि ... अखण्डेहि ... अपरामट्ठेहि समाधिसंवत्तनिकेहि,* स. नि. 3(2).411; *अपरामट्ठेहीति इदं नाम तया कतं, इदं वीतिक्कन्त'न्ति एवं परामसितुं असक्कुणेय्येहि,* स. नि. अट्ठ. 3.307; *सीलं अखण्डं अच्छिद्दं ... अपरामट्ठं कत्वा परिपूरेन्तो ... वदति,* उदा. अट्ठ. 218; *परामासेहि आरम्मणकरणवसेन परामट्ठता परामट्ठा,* ध. स. अट्ठ. 96; *मग्गफलनिब्बानानि पन अग्गहितानि अपरामट्ठानि अनुपादिण्णानेव,* ध. स. अट्ठ. 377; – **त्त** नपुं., अपरामट्ठ का भाव [अपरामृष्टत्व], प्रभावित न होने की अवस्था, प्रदुष्ट न होने की दशा – *तण्हादिट्ठीहि अपरामट्ठत्ता-इदं नाम त्वं आपन्नपुब्बो'ति केनचि परामट्ठुं असक्कुणेय्यत्ता च अपरामट्ठानि,* दी. नि. अट्ठ. 2.113; – **पारिसुद्धिसील** नपुं., कर्म. स. [अपरामृष्टपरिशुद्धिशील], सर्वथा अप्रदुष्ट विशुद्धियों से सम्बन्धित शील, शील का एक प्रभेद – *परियन्तपारिसुद्धिसीलं, ... सतन्नं सेक्खानं-इदं अपरामट्ठपारिसुद्धिसीलं,* पटि. म. 37.

अपरामस / अपरामसन्तु त्रि., परा + मस के वर्त. कृ. का निषे. [अपरामृशन्], **शा. अ.** स्पर्श न कर रहा, नहीं छू रहा, **ला. अ.** किसी प्रकार का महत्त्व नहीं दे रहा, महत्त्वहीन मान रहा, तृष्णा, मान एवं दृष्टि की पकड़ से मुक्त रहता हुआ, वितर्क या संकल्प-विकल्प न करता हुआ – **सं** पु., प्र. वि., ए. व. – ... *लोकपञ्ञत्तियो, याहि तथागतो वोहरति अपरामस'न्ति,* दी. नि. 1.178; *याहि तथागतो वोहरति .अपरामसन्ति याहि लोकसमञ्ञाहि लोकनिरुत्तीहि तथागतो तण्हामानदिट्ठिपरामासानं अभावा अपरामसन्तो वोहरतीति देसनं विनिवट्टेत्वा अरहत्तनिकूटेन निट्ठापेसि,* लीन. (दी.नि.टी.) 1.285; ... *अममायन्तो अगण्हन्तो अपरामसन्तो अनभिनिविसन्तो चरेय्य ... यापेय्याति,* महानि. 36; *अपरामसन्तोति वितक्केन ऊहनं अकरोन्तो,* महानि. अट्ठ. 128; – **सन्तं** पु., द्वि. वि., ए. व. – *तं ब्राह्मणं दिट्ठिमनादियन्तं अगण्हन्तं अपरामसन्तं अनभिनिवेसन्तन्ति,* महानि. 80; *अपरामसन्तन्ति तण्हामानदिट्ठीहि न परामसन्तं,* महानि. अट्ठ. 192; – **सतो** पु., च./ष. वि., ए. व. – *अपरामसतो चस्स पच्चत्तञ्ञेव निब्बुति विदिता,* दी. नि. 1.14; ... *अपरामसतो चस्स अपरामासपच्चया सयमेव अत्तनायेव तेसं परामासकिलेसानं निब्बुति विदिता,* दी. नि. अट्ठ. 1.93; – **समानो** वर्त. कृ., आत्मने., पु., प्र. वि., ए. व. – ... *अनुपादियमानो अगण्हमानो अपरामासमानो अनभिनिविसमानोति,* महानि. 77.

अपरायत्तता स्त्री., अपरायत्त का भाव. [अपरायत्तता], दूसरों के अधीन न होने की स्थिति, स्वायत्तता, आत्मनिर्भरता; – **तं** द्वि. वि., ए. व. – *सेरितन्ति सच्छन्दवुत्तितं अपरायत्ततं,* सु. नि. अट्ठ. 1.66.

अपरायण त्रि., परायन का निषे. [अपरायण], बेसहारा, आश्रयविहीन, बन्धु-बान्धवों से विहीन; – **णो** पु., प्र. वि., ए. व. – *सोहं सहस्सजीनोव, अबन्धु अपरायणो,* जा. अट्ठ. 3.413; *अपरायणोति असरणो, निप्पतिट्ठोति अत्थो,* तदे.; – **यिनी** स्त्री., प्र. वि., ए. व. – *सा नूनाहं मरिस्सामि, अबन्धु अपरायिनी,* जा. अट्ठ. 3.341; *अपरायिनीति अप्पतिट्ठा अप्पटिसरणा,* तदे..

अपरिकथाकत त्रि., परिकथाकत का निषे. [अपरिकथाकृत], वह कठिन चीवर जो चीवर के महत्त्व को प्रकाशित करने वाली कथा द्वारा प्राप्त नहीं हुआ हो – *अपरिकथाकतेन अत्थतं होति कथिनं,* महाव. 332; *परिकथाकतेनाति कथिनं नाम दातुं वट्टति, कठिनदायको बहुं पुञ्ञं पसवती'ति एवं परिकथाय उप्पादितेन,* महाव. अट्ठ. 369.

अपरिकुपित त्रि., परिकुपित का निषे. [अपरिकुपित], कोप या क्रोध से मुक्त, तीव्र कोप से रहित – *देवतासु अपरिकुपितासु देवो सम्मा धारं अनुप्पवेच्छति,* अ. नि. 1(2).87.

अपरिक्कमन नपुं., परिक्कमन का निषे. [अपरिक्रमण], **क.** घूमने-फिरने के विस्तृत क्षेत्र या मैदान से रहित – *सारम्भे चे भिक्खु वत्थुस्मिं अपरिक्कमने सञ्ञाचिकाय कुटिं कारेय्य,* पारा. 229; *सपरिक्कमनं अपरिक्कमनन्ति सउपचारं अनुपचारं,* पारा. अट्ठ. 2.141; **ख.** बचने के उपायों से रहित, त्राण के उपायों से रहित – *सपरिक्कमनो अयं धम्मो, नायं धम्मो अपरिक्कमनो,* अ. नि. 3(2).231.

अपरिक्खत त्रि., परिक्खत का निषे. [अपरिक्षत], क्षति-रहित, हानि अथवा क्षय को अप्राप्त – ... *तं अक्खतं केनचि अपरिक्खत्तं मनुस्सरूपेनेव पाटलिपुत्तं नयिस्सामि,* पे. व. अट्ठ. 238; – **धम्म** त्रि., ब. स. [अपरिक्षयधर्मन्], कभी भी क्षय को प्राप्त न होने वाला, स्वभाव से ही अक्षय – *अक्खयधम्ममत्थुति अपरिक्खयधम्मं होतु,* पे. व. अट्ठ. 208.

अपरिक्खित्त त्रि., परि + √खिप के भू. क. कृ. का निषे. [अपरिक्षिप्त], ऐसा आवास, जो चारों ओर से घिरा हुआ न हो, घेराबन्दी से रहित – *अपरिक्खित्तस्स गामस्स घरूपचारे*

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

ठितस्स मज्झिमस्स पुरिसस्स लेड्डुपातो, पारा॰ 52; *तस्मा ... अपरिक्खितस्से गामस्स घरूपचारे ठितस्स ... वुत्तं,* पारा॰ अट्ठ॰ 1.240; ..., *अपरिक्खित्तस्स उपचारो,* पाचि॰ 216.

अपरिक्खीण त्रि॰, परिक्खीण का निषे॰ [अपरिक्षीण], पूरी तरह से क्षय को अप्राप्त, पूरी तरह से समाप्त न होने वाला, अप्रयुक्त – *यावकीवञ्च मेति यत्तकं कालं मम सकं मुत्तकरीसं अपरिक्खीणं होति,* म॰ नि॰ अट्ठ॰ (मू॰प॰) 1(1).359; *अपरिक्खीणा च आसवा न परिक्खयं गच्छति,* म॰ नि॰ 1.150; *सति वा उपादिसेसेति उपादानसेसे वा सति अपरिक्खीणे,* म॰ नि॰ अट्ठ॰ (मू॰प॰) 1(1).311; – **ता** स्त्री॰, अपरिक्खीण का भाव॰ [अपरिक्षीणता], पूरी तरह क्षीण न होना, समाप्त न होना – *यानि तेसु संयोजनानि अखीणासवानं तेसं अपरिक्खीणता च,* उदा॰ अट्ठ॰ 32.

अपरिक्खोभ त्रि॰, परिक्खोभ/परिखोभ का निषे॰, ब॰ स॰ [अपरिक्षोभ], परिक्षोभ अथवा बाधक तत्त्वों से मुक्त, क्लेश आदि से मुक्त – *किलेसपरिखोभाभावेन अपरिखोभं,* उदा॰ अट्ठ॰ 301.

अपरिगमनता स्त्री॰, अपरिगमन का भाव॰, जन्म-मरण के चक्र में आने जाने से मुक्ति, भवचक्र से मुक्ति, आवागमन से छुटकारा – *अपरिगमनताय ठितो,* महानि॰ 16; *अपरिगमनतायाति संसारे अगमनभावेन पुनागमनाभावेनाति अत्थो,* महानि॰ अट्ठ॰ 70.

अपरिगुत्ति स्त्री॰, परिगुत्ति का निषे॰ [अपरिगुप्ति], सुरक्षा का अभाव, असुरक्षा – *ये तत्थ अपरिगुत्तिया च ... आबाधं न करोन्ति,* विसुद्धि॰ 1.32.

अपरिग्गह त्रि॰, ब॰ स॰ [अपरिग्रह], **शा॰ अ॰** परिग्रह अथवा धन-सम्पत्ति आदि भौतिक साधनों से रहित, मन के लगाव से मुक्त, "मेरा है" इस प्रकार के मनोभाव से मुक्त – *मनुस्सा तत्थ जायन्ति, अममा अपरिग्गहा,* दी॰ नि॰ 3.151; *अपरिग्गहाति इत्थिपरिग्गहेन अपरिग्गहा,* दी॰ नि॰ अट्ठ॰ 3.133; *अममा अपरिग्गहा, नियतायुका,* अ॰ नि॰ 3(1).207; *अपरिग्गहाति "इदं मय्ह"न्ति परिग्गहरहिता,* अ॰ नि॰ अट्ठ॰ 3.271; **ला॰ अ॰** पत्नी-रहित, अविवाहित – *सपरिग्गहो वा ब्रह्मा अपरिग्गहो वा ति?,* दी॰ नि॰ 1.223; *अपरिग्गहो भो गोतमातिआदीसुपि कामच्छन्दस्स अभावतो इत्थिपरिग्गहेन अपरिग्गहो,* दी॰ नि॰ अट्ठ॰ 1.304; *सा अपरिग्गहापि न सेवितब्बा,* जा॰ अट्ठ॰ 5.445; ... *सपरिग्गहा, अपरिग्गहा'ति पुच्छापेसि,* जा॰ अट्ठ॰ 6.176; – **भाव** पु॰, तत्पु॰ स॰ [अपरिग्रहभाव], **क॰** स्त्री, धन आदि के "यह मेरा है" इस रूप में मन द्वारा पकड़ कर नहीं रखना, **ख॰** अविवाहित रहने की स्थिति – *सो अपरिग्गहभावं ञत्वा समीपं गन्त्वा भद्दे, का नाम त्व'न्ति पुच्छि,* जा॰ अट्ठ॰ 6.192; – **रस** त्रि॰, ब॰ स॰, वह जिसका कृत्य पकड़ कर या बांधकर रखना न हो – *अपरिग्गहणरसो मुत्तभिक्खु विय,* ध॰ स॰ अट्ठ॰ 172.

अपरिग्गहित त्रि॰, परि + √गह के भू॰ क॰ कृ॰ का निषे॰ [अपरिगृहीत], **क॰** अविवाहित, गृहस्थ जीवन के आवरण से रहित – *अवावटाति अपेतावरणा अपरिग्गहा,* जा॰ अट्ठ॰ 5.202; **ख॰** "यह मेरा है" इस रूप में मन द्वारा अचिन्तित, मन द्वारा अगृहीत – ... *अपरिग्गहिता कामा,* महानि॰ 2; *अपरिग्गहिताति तथा अपरिग्गहिता उत्तरकुरुकानं कामा,* महानि॰ अट्ठ॰ 13.

अपरिचक्खितु पु॰, परि + √चक्ख से व्यु॰, क्रि॰ ना॰ का निषे॰ [अपरिचष्ट्र], वह, जो सावधान या चौकन्ना नहीं है, सूक्ष्म परीक्षण न करने वाला – *विकिण्णवाचं अनिगुय्हमन्तं, असञ्ञतं अपरिचक्खितारं,* जा॰ अट्ठ॰ 5.72; *अपरिचक्खितारन्ति अयं मया कथितमन्तं रक्खितुं सक्खिस्सति न सक्खिस्सती'ति पुग्गलं ओलोकेतुं उपपरिक्खितुं असक्कोन्तं,* जा॰ अट्ठ॰ 5.73.

अपरिचरित्वान परि + √चर के पू॰ का॰ कृ॰ का निषे॰, परिचर्या न करके, उचित देखभाल न करके, उपेक्षा करके – *मातरं अपरिचरित्वान, किच्छं वा सो निगच्छति,* जा॰ अट्ठ॰ 5.324; *मिच्छा चरित्वानाति मातरं अपटिजग्गित्वा,* जा॰ अट्ठ॰ 5.326.

अपरिचारक त्रि॰, परिचारक का निषे॰ [अपरिचारक], ठीक से सेवा या देखभाल न करने वाला, उपेक्षा करने वाला – *एवं किच्छा भतो पोसो, पितु अपरिचारको,* जा॰ अट्ठ॰ 5.324.

अपरिचिण्ण त्रि॰, परि + √चर के भू॰ क॰ कृ॰ का निषे॰ [अपरिचीर्ण], वह, जिसकी उचित देख भाल नहीं की गयी है, केवल स॰ उ॰ प॰ के रूप में प्राप्त; – **ट्ठान** नपुं॰, कर्म॰ स॰, ऐसा स्थान या अवसर, जहां किसी की सेवा या सम्मान न किया गया हो – *बुद्धानं पन अपरिचिण्णट्ठाने आसनपञ्ञत्तिं आचिक्खन्तेन एकेन भिक्खुना पठमतरं गन्तुं वट्टति,* ध॰ प॰ अट्ठ॰ 1.43; – **पुब्ब** त्रि॰, ब॰ स॰, वह, जिसकी पहले कभी भी ठीक से सेवा-सुश्रूषा या देखभाल नहीं की गयी है – *अग्गि सुलभरूपो यो मया अपरिचिण्णपुब्बो इमिना दीघेन अद्धुना,* म॰ नि॰ 1.116.

अपरिचितकुसलता स्त्री॰, अपरिचितकुसल का भाव॰, कर्म॰ स॰, कुशल कर्मो या शील के विषय में अपरिचय, शील–

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

विषयक अज्ञान - *सा पनेसा अस्सद्धकुसलस्स धीता चिरकालं अपरिचितकुसलताय साधुजनाचारविरहिता अनादरा अलक्खिका विय अट्ठासि,* पे. व. अट्ठ. 57.

अपरिच्चत्त त्रि., परि + √चज के भू. क. कृ. का निषे. [अपरित्यक्त], **शा. अ.** वह, जिसका परित्याग न किया गया हो, **ला. अ.** वह, जिसे दान में न दे दिया गया हो - ... *अदिन्नं अनिस्सट्ठं अपरिच्चत्तं रक्खितं गोपितं ममायितं परपरिग्गहितं,* पारा. 52; *यथाठाने ठितम्पि अनपेक्खताय न परिच्चत्तन्ति अपरिच्चत्तं,* पारा. अट्ठ. 1.241; *अपरिच्चत्तं खो रञ्ञो नागस्स जीवितं'न्ति,* म. नि. 1.85; *अपरिच्चत्तन्ति अनिस्सट्ठं, परेसं जयं अम्हाकञ्च पराजयं पस्सीति मञ्ञति,* म. नि. अट्ठ. (म.प.) 2.92.

अपरिच्छिन्नपुब्बापरकोटिक त्रि., ब. स. [अपरिच्छिन्नपूर्वापरकोटिक], वह, जिसके पूर्वान्त एवं अपरान्त (भविष्य) की कोटियां या सिरे अपरिमित हों - ... *अपरिच्छिन्नपुब्बापरकोटिकोति अत्थो,* स. नि. अट्ठ. 2.138.

अपरिच्छिन्नप्पमाण त्रि., अपरिमित प्रमाण वाला - *अप्पमाणिकायोति एत्तकेन निट्ठं गच्छिस्सन्ती'ति एवं अपरिच्छिन्नप्पमाणायो, ... अत्थो,* पारा. अट्ठ. 2.134.

अपरिच्छिन्नक त्रि., परिच्छिन्नक का निषे. [अपरिच्छिन्नक], परिच्छेद या सुनिश्चित माप तौल या निश्चित सीमा से रहित, अपरिमित, असीम - *अपरिच्छिन्नसङ्ख्यत्ता सङ्ख्यामहत्तेनपि महता,* उदा. अट्ठ. 195.

अपरिच्छेद त्रि., ब. स. [अपरिच्छेद], उपरिवत् - *महावनेति महावनं नाम सयंजातं अरोपिमं अपरिच्छेदं महन्तं वनं,* उदा. अट्ठ. 148.

अपरिजानं / अपरिजानन्त त्रि., परि + √ञा के वर्त. कृ. का निषे. [अपरिजानन्], अच्छी तरह से या पूर्ण रूप से नहीं जान रहा - *अनभिजानं अपरिजानं तत्थ चित्तं अविराजयं अप्पजहं अभब्बो दुक्खक्खयाय,* इतिवु. 4; *अपरिजानन्ति न परिजानन्तो,* इतिवु. अट्ठ. 47; *अनभिजानं अपरिजानं अविराजयं अप्पजहं अभब्बो दुक्खक्खयाय,* स. नि. 2(2).96.

अपरिञ्ञाणधम्म त्रि., ब. स. [अपरिज्ञानधर्मन्], ज्ञान की क्षमता से रहित, स्वभाव से ही अज्ञानी - *सचे बालो अपरिञ्ञातधम्मो सीलादिगुणा परिबाहिरो तित्थायतने पब्बजितो* ..., ध. प. अट्ठ. 1.284, पाठा. अपरिञ्ञातधम्मो.

अपरिञ्ञात त्रि., परि + √ञा के भू. क. कृ. का निषे. [अपरिज्ञात], पूरी तरह से या अच्छी तरह से नहीं जाना या समझा हुआ, तीन परिज्ञाओं द्वारा ग्रहण न किया गया - *अमतं तेसं, भिक्खवे, अपरिञ्ञातं येसं कायगतासति अपरिञ्ञाता,* अ. नि. 1(1).62; *अपरिञ्ञातन्ति ञातपरिञ्ञावसेन अपरिञ्ञातं,* अ. नि. अट्ठ. 1.404; *यत्थ सासवं विञ्ञाणं अपरिञ्ञातं तत्थ वीजत्थो,* नेत्ति. 66; *अपरिञ्ञातं तस्सातिवदामि,* म. नि. 1.2; - **त्त** नपुं., अपरिञ्ञात का भाव. [अपरिज्ञातत्व], तीन प्रकार की परिज्ञाओं द्वारा ज्ञात न होने की अवस्था - *वाचावत्थुमत्तस्सेव भाणिनो अत्थस्स अपरिञ्ञातत्ता,* उदा. अट्ठ. 260; - **धम्म** त्रि., ब. स. [अपरिज्ञातधर्मन्], स्वभाव से ही धर्मों का परिज्ञान न रखने वाला, अज्ञानी, पृथग्जन - *सचे बालो अपरिञ्ञातधम्मो सीलादिगुणा परिबाहिरो तित्थायतने पब्बजितो* ..., ध. प. अट्ठ. 1.284; - **वत्थुक** त्रि., ब. स. [अपरिज्ञातवस्तुक], वह, जिसे वस्तुओं का परिज्ञान नहीं है, धर्मों को यथार्थरूप में न जानने वाला - *स्वायं इध यस्मा पुथुज्जनो अपरिञ्ञातवत्थुको,* म. नि. अट्ठ. (मू.प.) 1(1).28.

अपरिञ्ञामूलिक त्रि., ब. स. [अपरिज्ञामूलक], वह, जिसके मूल में अज्ञान रहे - *अपरिञ्ञामूलिका च इधाधिप्पेतानं सब्बधम्मानं मूलभूता मञ्ञना होति,* म. नि. अट्ठ. (मू.प.) 1(1).28.

अपरिडय्हमान त्रि., परि + √डह के कर्म. वा. के वर्त. कृ., आत्मने. का निषे. [परिदह्यमान], नहीं जलाया जा रहा, राग एवं द्वेष की अग्नि से नहीं जल रहा - *अनवस्सुतो अपरिडय्हमानो, एको चरे खग्गविसाणकप्पो,* सु. नि. 63; *अपरिडय्हमानोति एवं अन्वास्सवविरहाव किलेसग्गीहि अपरिडय्हमानो,* सु. नि. अट्ठ. 1.92; चूळनि. अट्ठ. 121; *अपरिडय्हमानोति रागजेन परिळाहेन अपरिडय्हमानो,* चूळनि. 261; - **चित्त** त्रि., ब. स. [अपरिदह्यमानचित्त], वह, जिसका चित्त क्लेशों की अग्नि द्वारा जलाया नहीं जा रहा है - ... *अभिनिब्बुतत्तोति गुत्तचित्तो अपरिडय्हमानचित्तो च,* सु. नि. अट्ठ. 2.73.

अपरिणत त्रि., परि + √नम के भू. क. कृ. का निषे. [अपरिणत], **शा. अ.** नहीं पका हुआ, अपरिवर्तित, **ला. अ. क.** वह, जो किसी एक को उद्देश्य बनाकर नहीं दिया गया है, या उचित रूप में विनियोजित नहीं किया गया है - *अपरिणते परिणतसञ्ञी, आपत्ति दुक्कटस्स,* पारा. 394; **ला. अ. ख.** अक्षीण, क्षय को अप्राप्त - *अपक्कं न परिपाचेन्तीति अपरिणतं अखीणं आयुं अन्तराव न उपच्छिन्दन्ति,* दी. नि. 2.360; - **भोजी** त्रि., बिना पकी हुई चीजों को

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

खाने वाला - *सप्पाये मत्तं न जानाति, अपरिणतभोजी च होति,* अ॰ नि॰ 2(1).136.

अपरिणायक त्रि॰, ब॰ स॰ [अपरिणायक], नेता-रहित, मार्गदर्शक या नायक से रहित - *एकचिन्तितोयमत्थो, बालो अपरिणायको,* जा॰ अट्ठ॰ 2.189; *बालो अपरिणायकोति अयं खुज्जो बालो,* ..., तदे॰; - **यिका** स्त्री॰, नेतृत्वरहित या मार्गदर्शक-रहित नारी - *सा नूनसा कपणिका, अन्धा अपरिणायिका,* जा॰ अट्ठ॰ 4.83; *ते हि नून मरिस्सन्ति, अन्धा अपरिणायका,* जा॰ अट्ठ॰ 4.372.

अपरितस्स पु॰, परितस्स = परितास का निषे॰ [अपरित्रास, बौ॰ सं॰ अपरितास], अकम्पन, तृष्णा एवं दृष्टियों के भय से मुक्ति, निडरता, अनुद्वेग, बेचैनी का अभाव - *रञ्ञो पच्चन्तिमे नगरे बहुं सालियवकं सन्निचितं होति अब्भन्तरानं रतिया अपरितस्साय फासुविहाराय बाहिरानं पटिघाताय,* अ॰ नि॰ 2(2).242; *अपरितस्सायाति तासं अनापज्जनत्थाय,* अ॰ नि॰ अट्ठ॰ 3.183; *एवमेवं ... विहरतो रतिया अपरितस्साय फासुविहाराय ओक्कमनाय निब्बानस्स,* अ॰ नि॰ 3(1).64; *अपरितस्सायाति तण्हादिट्ठिपरितस्सनाहि अपरितस्सनत्थाय,* अ॰ नि॰ अट्ठ॰ 3.225.

अपरितस्सं / अपरितस्सन्त / अपरितस्समान त्रि॰, परि + √तस के वर्त॰ कृ॰ का निषे॰ [अपरित्रसन्], व्याकुल न होता हुआ, उद्विग्न न रहता हुआ, भय न करता हुआ - *अनुपादयं न परितस्सति, अपरितस्सं पच्चत्तञ्ञेव परिनिब्बायति,* दी॰ नि॰ 2.53; म॰ नि॰ 1.98; *अपरितस्सन्ति अपरितस्समानो,* दी॰ नि॰ अट्ठ॰ 2.88; - **स्सन्तं** द्वि॰ वि॰, ए॰ व॰ - *भगवता अज्झत्तक्खन्धविनासे अपरितस्सन्तं खीणासवं दस्सेत्वा देसना निट्ठापिता,* म॰ नि॰ अट्ठ॰ (मू॰प॰) 1(2).17; - **स्सतो** च॰ / ष॰ वि॰, ए॰ व॰ - *विञ्ञाणे ... असण्ठिते अनुपादाय अपरितस्सतो आयतिं जातिजरामरणदुक्खसमुदयसम्भवो न होती'ति,* इतिवु॰ 67; - **स्समानं** द्वि॰ वि॰, ए॰ व॰ - *इमिना भगवा अज्झत्तक्खन्धविनासे अपरितस्समानं खीणासवं दस्सेन्तो देसनं मत्थकं पापेसि,* म॰ नि॰ अट्ठ॰ (मू॰प॰) 1(2).16.

अपरितस्सक त्रि॰, अपरितस्स से व्यु॰ [बौ॰ सं॰ अपरितासक], परित्रास न करने वाला, मन में व्याकुलता न लाने वाला, भयरहित - *अज्झत्तं अपरितस्सन्ते ... परिक्खारविनासे परितस्सकेन अपरितस्सकेन चापि भवितब्बं,* म॰ नि॰ अट्ठ॰ (मू॰प॰) 1(2).17.

अपरितस्सना स्त्री॰, अपरितस्सन से व्यु॰ [अपरित्रसन], भय या मानसिक व्याकुलता का अभाव, परित्रास का न होना; - **नं** द्वि॰ वि॰, ए॰ व॰ - *उपादापरितस्सनञ्च ..., देसेस्सामि अनुपादाअपरितस्स - नञ्च,* स॰ नि॰ 2(1).15; ... *अपरितस्सनन्ति अग्गहणेन अपरितस्सनं,* स॰ नि॰ अट्ठ॰ 2.231; *कथञ्चावुसो, अनुपादाना अपरितस्सना होति,* म॰ नि॰ 3.276; स॰ नि॰ 2(1).16; - **वार** पु॰, तत्पु॰ स॰, व्याकुलता या उद्विग्नता के अभाव की बारी या अवसर - *अपरितस्सनावारे न एवं होतीति येहि किलेसेहि एवं भवेय्य, तेसं पहीनत्ता न एवं होति,* म॰ नि॰ अट्ठ॰ (मू॰प॰) 1(2).17.

अपरितस्सी त्रि॰, परितस्सी का निषे॰, परित्रास न करने वाला, व्याकुलता से रहित, मन में भय या चिन्ता न लाने वाला - *सो अछम्भी अकम्पी अवेधी अपरितस्सी विगतलोमहंसो,* म॰ नि॰ 2.346.

अपरित्त त्रि॰, परित्त का निषे॰ [अपरीत्त], **शा॰ अ॰** अनल्प, असीम, अधिक, अप्रमाण, **ला॰ अ॰** कामावचरभूमि से ऊपर वाले महग्गत चित्त - *एकच्चो पुग्गलो ... भावितपञ्ञो अपरित्तो महत्तो अप्पमाणविहारी,* अ॰ नि॰ 1(1).282-283; *अपरित्तोति न परित्तगुणो,* अ॰ नि॰ अट्ठ॰ 2.218; *तेसं पहाना अपरित्तञ्च मे चित्तं भविस्सति अप्पमाणं सुभावितं'न्ति,* म॰ नि॰ 3.46; *अपरित्तन्ति कामावचरचित्तं परित्तं नाम, तस्स पटिक्खेपेन महग्गतं अपरित्तं नामं,* म॰ नि॰ अट्ठ॰ (उप॰प॰) 3.39.

अपरिदेव पु॰, परिदेव का निषे॰, विलाप या रोने कलपने का अभाव - *अपरिदेवो अभिञ्ञेय्यो,* पटि॰ म॰ 11; *परिदेवा वुट्ठहित्वा अपरिदेवं पक्खन्दतीति – गोत्रभु,* पटि॰ म॰ 60.

अपरिनिट्ठित त्रि॰, परि + नि + √ठा के भू॰ क॰ कृ॰ का निषे॰ [अपरिनिष्ठित], पूर्णता को अप्राप्त, पूर्ण न किया हुआ, आधे-अधूरे रूप में तैयार - *मम आगमनपच्चया अपरिनिट्ठिता सिखं अप्पत्ता,* दी॰ नि॰ अट्ठ॰ 1.47; *दस पारमियो ... अननुच्छविकमेत'न्ति अपरिनिट्ठिताव मालायो गहेत्वा ...,* दी॰ नि॰ अट्ठ॰ 2.150.

अपरिनिप्फन्न त्रि॰, परि + नि + √पद के भू॰ क॰ कृ॰ का निषे॰ [अपरिनिष्पन्न], हेतुओं एवं प्रत्ययों द्वारा उत्पन्न न किया गया, अवास्तविक - *रूपं अपरिनिप्फन्नन्ति? आमन्ता,* कथा॰ 505; ... *पन्नरस रूपानि परिनिप्फन्नानि नाम, दस अपरिनिप्फन्नानि नाम,* ध॰ स॰ अट्ठ॰ 373; - **कथा** स्त्री॰, कथा॰ की एक कथा का शीर्षक, कथा॰ 505-506.

अपरिनिब्बुत त्रि॰, परिनिब्बुत का निषे॰ [अपरिनिर्वृत], पूर्ण रूप से मुक्ति को अप्राप्त, परिनिर्वाण को अप्राप्त, पूर्णतया अविमुक्त - *अत्तना अदन्तो अविनीतो अपरिनिब्बुतो परं*

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

दमेस्सति विनेस्सति ... विज्जति, म॰ नि॰ 1.51; ... *अपरिनिब्बुतोति एत्थ पन अनिब्बिसताय अदन्तो,* म॰ नि॰ अट्ठ॰ (मू॰प॰) 1(1).202; - त्त नपुं॰, भाव॰ [अपरिनिर्वृतत्व], पूर्णतया परिनिर्वाण न पाने की अवस्था - *सारिपुत्तत्थेरो तथागतस्स सन्तिके अपरिनिब्बुतत्ता बुद्धानं सन्तिका महन्तं न लभि,* जा॰ अट्ठ॰ 5.123-124.

अपरिमितपानभोजन त्रि॰, ब॰ स॰, बिना सीमा के अत्यधिक भोजनों और पेय पदार्थों का उपभोग करने वाला - *अपरिमितपानभोजना होन्ति,* अ॰ नि॰ 1(2).285.

अपरिपक्क त्रि॰, परि + √पच के भू॰ क॰ कृ॰ का निषे॰ [अपरिपक्व], **शा॰ अ॰** कच्चा, वह, जो पूरी तरह से पका नहीं है, **ला॰ अ॰** हज़म न किया हुआ, प्रौढ़ता या गम्भीरता से रहित - *सो पनायमाहारो एवरूपे ओकासे निधानमुपगतो भाव अपरिपक्को होति,* विसुद्धि॰ 1.335; *एवमेव ... सेम्हपटलपरियोनद्धो ... उपगन्त्वा तिट्ठतीति एवं अपरिपक्कतो पटिक्कूलता पच्चवेक्खितब्बा,* विसुद्धि॰ 1.336; *अपरिपक्काम, ..., चेतोविमुत्तिया पञ्च धम्मा परिपाकाय संवत्तन्ति,* उदा॰ 109; **- त्त** नपुं॰, अपरिपक्क का भाव॰ [अपरिपक्वत्व], परिपक्वता का अभाव, कच्चापन, अपूर्णता, परिपाक या विपाक प्राप्त न करने की अवस्था - *सब्बमेतं ञाणस्स अपरिपक्कत्ता तस्स कामानं दुप्पहानताय सम्मापटिपत्तियं योग्यं कारापेतुं वदति,* उदा॰ अट्ठ॰ 252; *पटिपस्सम्भीति इन्द्रियानं अपरिपक्कत्ता, संवेगस्स च नातितिक्खभावतो वूपसमि,* उदा॰ अट्ठ॰ 252; - **ञाणत्त** नपुं॰, भाव॰ [अपरिपक्वज्ञानत्व], मानसिक रूप से अविकसित रहने की स्थिति - *अयं पन अपरिपक्कञाणत्ता ब्राह्मणकुले उग्गहितवोहारवसेनेव हीळेन्तो एवमाह,* म॰ नि॰ अट्ठ॰ (म॰प॰) 2.199; - **वेदनिय** त्रि॰, तत्पु॰ स॰ [अपक्ववेदनीय], विपाकक्षण उदित होने से पूर्व ही अनुभव में आने योग्य - *तं मे कम्मं अपरिपक्कवेदनीयं होतू'ति,* अ॰ नि॰ 3(1).197; *अपरिपक्कवेदनीयन्ति अलद्धविपाकवारं,* अ॰ नि॰ अट्ठ॰ 3.263; **- न्द्रिय** त्रि॰, ब॰ स॰ [अपरिपक्वेन्द्रिय], वह, जिसकी इन्द्रियां पूरी तरह से परिपक्व नहीं है, शिथिल या अक्षम इन्द्रियों वाला - *सचे पन चतुमासं वुट्ठवस्सस्सापि भगवतो वेनेय्यसत्ता अपरिपक्किन्द्रिया होन्ति,* **म॰** नि॰ अट्ठ॰ (मू॰प॰) 1(2).55.

अपरिपुच्छा स्त्री॰, परिपुच्छा का निषे॰ [अपरिपृच्छा], प्रश्न का न होना, पूछताछ का अभाव - *असुस्सूसा अपरिपुच्छा पञ्ञाय परिपन्थो,* अ॰ नि॰ 3(2).113.

अपरिपुण्ण त्रि॰, परिपुण्ण का निषे॰ [अपरिपूर्ण], **क.** वह, जो पूर्ण नहीं है, गोलाकार से रहित - *अञ्ञेसञ्हि अक्खिभण्डा अपरिपुण्णा होन्ति,* म॰ नि॰ अट्ठ॰ (म॰प॰) 2.273; दी॰ नि॰ अट्ठ॰ 2.37; **ख.** अत्यल्प, बहुत अधिक नहीं, छोटा-मोटा, हल्का - ... *परिभासाय परिपुण्णाय, नो अपरिपुण्णाया'ति,* दी॰ नि॰ 3.59; *नो अपरिपुण्णायाति अन्तरा अट्ठपिताय निरन्तरं पवत्ताय,* दी॰ नि॰ अट्ठ॰ 3.41; **ग.** अपूर्ण, तुच्छ, हीन, घटिया - *अकेवली सो असमत्तो सो अपरिपुण्णो सो हीनो निहीनो* ..., महानि॰ 210; *अपरिपुण्णोति न सम्पुण्णो,* महानि॰ अट्ठ॰ 290; *अरियो सीलक्खन्धो परिपुण्णो नो अपरिपुण्णो,* दी॰ नि॰ 1.183; *अपरिपुण्णस्स खो सीलक्खन्धस्स पारिपूरिया ... उपनिस्साय विहरेय्यं,* स॰ नि॰ 1(1).165; **घ.** अप्राप्त - *इमि इम अपरिपुण्णो वत्तमानयो,* सद्द॰ 2.319; - **कम्मन्त** त्रि॰, ब॰ स॰ [अपरिपूर्णकर्मन्], वह, जिसने अपना काम पूर्ण रूप से नहीं किया है - *अपरिपुण्णकम्मन्ता विप्पटिसारिनियो पच्चानुतापिनियो हीनं कामं उपपन्ना'ति,* अ॰ नि॰ 3(1).203; - **पत्तचीवर** त्रि॰, ब॰ स॰ [अपरिपूर्णपात्रचीवर], वह व्यक्ति, जिसके पास पात्र और चीवर नहीं है - *तथागता अपरिपुण्णपत्तचीवरं उपसम्पादेन्ती'ति,* म॰ नि॰ 3.296; - **सीस** त्रि॰, ब॰ स॰ [अपूर्णशीर्ष], अपूर्ण सिर वाला, वह, जिसका सिर उचित या पूर्ण बनावट वाला नहीं है - *अञ्ञे पन जना अपरिपुण्णसीसा होन्ति,* म॰ नि॰ अट्ठ॰ (म॰प॰) 2.273; दी॰ नि॰ अट्ठ॰ 2.38; - **ण्णायतन** त्रि॰, ब॰ स॰ [अपरिपूर्णायतन], वह, जिसकी इन्द्रियां पूर्णरूप से सक्षम नहीं है, अक्षम इन्द्रियों वाला - *जातिवारे जाति सञ्जातीति ... जाति, सा अपरिपुण्णायतनवसेन युत्ता,* म॰ नि॰ अट्ठ॰ (मू॰प॰) 1(1).226.

अपरिपूर त्रि॰, परिपूर का निषे॰, अपूर्ण, दोषपूर्ण, दूषित, अधूरा - *अद्धानहीनो, अङ्गहीनो, ... अपरिपूरो,* परि॰ 253; *सद्धो च, ..., एवं सो तेनङ्गेन अपरिपूरो होति,* **अ॰** नि॰ 3(1).138; *अपरिपूरं वा सीलक्खन्धं परिपूरेस्सामि,* पु॰ प॰ 143; *एवमिदं ब्रह्मचरियं अपरिपूरं अभविस्स तेनङ्गेन,* म॰ नि॰ 2.170; **- कारी** त्रि॰, पूर्ण रूप से काम को न करने वाला, आधा-अधूरा करने वाला - *सरणानि सक्को सिक्खाय अपरिपूरकारी अहोसी'ति,* स॰ नि॰ 3(2).441.

अपरिप्फन्द पु॰, परिप्फन्द का निषे॰ [अपरिष्पन्दन, नपुं॰], धड़कन या फड़कन का अभाव, उछल-कूद का अभाव, स्थिरता - ..., *आयचित्तानं अपरिप्फन्दनभूतसीतिभाव पच्चुपट्ठाना,* म॰ नि॰ अट्ठ॰ (मू॰प॰) 1(1).91.

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

अपरिप्फन्दन नपुं., परिप्फन्दन का निषे. [अपरिष्पन्दन], उपरिवत् – *संयतहत्थपादताय ... अभावतो अपरिफन्दनेन ठितेन करजकायेन चाति ... ठितेन*, उदा. अट्ठ. 261; – **न्दन्त** त्रि., वर्त. कृ., न धड़कता हुआ, न उछलता-कूदता हुआ – *सो च सुसिक्खितत्ता अपरिप्फन्दन्तो निपज्जि*, उदा. अट्ठ. 279.

अपरिप्फुटालाप त्रि., ब. स. [अपरिष्फुटालाप], सुस्पष्ट बातचीत न करने वाला – *मम्मनाति अप्परिप्फुटतलापा*, लीन. (दी.नि.टी.) 3.111.

अपरिभासनेय्य / अपरिभासिय त्रि., परि + √भास के सं. कृ. का निषे. [अपरिभाषनीय / अपरिभाष्य], निन्दा न करने योग्य, अनिन्दनीय, निर्दोष – *सो वचसा परिभासति अञ्ञं अभासनेय्यम्पि पुग्गलं*, सु. नि. अट्ठ. 2.180; पाठा. अभासनेय्य; *तथागता वत्थुं याचन्ति, ताय अवत्थुयाचनाय अपरिभासिया भवन्ती'ति*, मि. प. 211.

अपरिभिन्न त्रि., परि + √भिद के भू. क. कृ. का निषे. [अपरिभिन्न], स्वस्थ, सही-सलामत, अपीड़ित – *चक्खुं अपरिभिन्नं होति*, म. नि. 1.251.

अपरिभुत्त त्रि., परि + √भुज के भू. क. कृ. का निषे. [अपरिभुक्त], क. वह, जिसका आनन्द न लिया गया हो या जिसका अनुभव न किया गया हो, अननुभूत – *अमतं तेसं, ..., अपरिभुत्तं येसं कायगतासति अपरिभुत्ता*, अ. नि. 1(1).61; ख. प्रयोग न किया गया, अप्रयुक्त – *अनुच्छिट्ठं अपरिभुत्तं दातुं वट्टती'ति अत्तनो वसनट्ठानेयेव एकपस्से अपरिभुत्तपल्लङ्कञ्च सेनासनञ्च पञ्ञापेसि*, जा. अट्ठ. 225; – **काम** त्रि., ब. स., वह, जिसने सांसारिक भोगों का पूरा-पूरा उपभोग न किया हो – *अनिकीळितावितो कामेसूति ... कामकीळा, तं अकीळितपुब्बा, अपरिभुत्तकामाति अत्थो*, स. नि. अट्ठ. 3.39.

अपरिभोग[1] त्रि., ब. स. [अपरिभोग], **शा. अ.** उपभोग न करने योग्य, उपभोग न करने वाला – *तीहि ठानेहि मंसं अपरिभोगन्ति वदामि*, म. नि. 2.35; *तथागतो ... एवरूपानं सुपिनन्तेपि अपरिभोगो*, खु. पा. अट्ठ. 140; **ला. अ.** निरर्थक, तुच्छ, त्याज्य – *तथेव भिन्दति वा छड्डेति वा झापेति वा अपरिभोगं वा करोति*, पारा. 54; *अपरिभोगं वा करोतीति अखादितब्बं वा अपातब्बं वा करोति*, पारा. अट्ठ. 1.257; *अमुं उदपानं अपरिभोगं करिस्साम*, उदा. अट्ठ. 308.

अपरिभोग[2] पु., परिभोग का निषे. [अपरिभोग], उपभोग न करना, त्याग – *अपरिभोगदुप्परिभोगादिवसेन विनासेति*, ध. स. अट्ठ. 399; – **गारह** त्रि., [अपरिभोगार्ह], परिभोग या उपभोग न करने योग्य – *तेन अभिहटभिक्खाय परेसं अपरिभोगारहतो च तथा वत्तुं वट्टतीति दस्सितं होति*, उदा. अट्ठ. 324.

अपरिमण्डल त्रि., ब. स. [अपरिमण्डल], **शा. अ.** परिमण्डल से रहित, **ला. अ.** उपयुक्त स्वरूप से रहित, अपूर्ण आकार वाला – *तस्स कथा अपरिमण्डला नाम होति*, म. नि. अट्ठ. (मू.प.) 1(2).151; – **लं** अ., क्रि. वि., (अन्तरावासक के) नाभि से घुटनों तक लटक रहे घेरे के बिना, परिमण्डल के बिना – *अथ खो परिमण्डलंयेव निवासेस्सामीति विरज्झित्वा अपरिमण्डलं निवासेन्तस्स अनापत्ति*, पाचि. अट्ठ. 150.

अपरिमाण त्रि., ब. स. [अपरिमाण], वह, जिसकी कोई माप न हो या सीमा न हो, असीम, अत्यधिक प्रचुर, असंख्य, कालातीत – *खीणकुलीने कपणे, अनुभूतं ते दुखं अपरिमाणं*, थेरीगा. 220; *एवम्पि सब्बभूतेसु, मानसं भावये अपरिमाणं*, सु. नि. 149; 150; *न अस्स परिमाणन्ति अपरिमाणं*, खु. पा. अट्ठ. 201; *अखुद्दावकासोति एत्थ भगवतो अपरिमाणोयेव दस्सनाय ओकासोति वेदितब्बो*, दी. नि. अट्ठ. 1.229; *तस्मिं दिवसे अपरिमाणेसु चक्कवाळेसु अपरिमाणा सत्ता सब्बे सुवण्णवण्णाव अहेसुं*, म. नि. अट्ठ. (मू.प.) 1(2).87; ... *पठमे धम्मदेसने अट्ठारस ब्रह्मकोटियो अपरिमाणा च देवतायो*, मि. प. 317; – **गणन** त्रि., ब. स., गणना न करने योग्य संख्या वाला, बहुत ऊंची संख्या वाला – *अनेकसहस्सानि सहस्सेहिपि अपरिमाणगणना*, दी. नि. अट्ठ. 3.9; – **वण्ण** त्रि., ब. स. [अपरिमाणवर्ण, भिन्न अर्थ में], असीम या अपरिमित प्रशंसा का पात्र, असीम या अत्यधिक स्तुतियों का विषय, अप्रमेय स्तुति या प्रशंसा पाने योग्य गुणों वाला – *अपरिमाणवण्णो हि सो भवं गोतमो'ति*, दी. नि. 1.103; *अपरिमाणवण्णोति तथारूपेनेव सब्बञ्ञुनापि अप्पमेय्यवण्णो* ..., दी. नि. अट्ठ. 1.232; – **सत्तारम्मण** त्रि., ब. स. [अप्रमेयसत्त्वालम्बन], असंख्य प्राणियों को अपना आलम्बन बनाने वाला – *तञ्च अपरिमाणसत्तारम्मणवसेन एकस्मिं वा सत्ते अनवसेसफरणवसेन अपरिमाणं भावेयेति*, खु. प. अट्ठ. 201.

अपरिमित त्रि., परि + √मा के भू. क. कृ. का निषे. [अपरिमित], **शा. अ.** वह, जिसे मापा-जोखा न जा सके, असीमित, वह, जो मापा हुआ या नपा-तुला न हो, **ला. अ.** प्रचुर, अत्यधिक, सीमाओं से परे – *पेतेसु च निरयेसु च, अपरिमिता दिस्सरे धाता*, थेरीगा. 477; *अपरिमितञ्च दुक्खं*,

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

अब्भच्चनारह त्रि॰, [अभ्यर्चनार्ह], पूजा करने योग्य, सम्मान देने योग्य, पूज्य - **हं** नपुं॰, द्वि॰ वि॰, ए॰ व॰ - *महाविहारे तस्सेव निच्चं अब्भच्चनारहं, देहनिक्खेपट्ठानं च ओलोकेन्तो पुनप्पुनं*, चू॰ वं॰ 88.54.

अब्भछादित त्रि॰, तत्पु॰ स॰ [अभ्राच्छादित], मेघों से ढका हुआ, अत्यधिक बादलों वाला - **ता** पु॰, प्र॰ वि॰, ब॰ व॰ - *उमापुप्फेन समाना, गगनावब्भछादिता*, थेरगा॰ 1071; *गगनावब्भ छादिताति ततो एव सरदस्स गगनअब्भा विय कालमेघसञ्छादिता, नीलवण्णाति अत्थो*, थेरगा॰ अट्ठ॰ 2.384.

अब्भञ्जति अभि + √अञ्ज का वर्त॰, प्र॰ पु॰, ए॰ व॰ [अभ्यनक्ति], तेल की मालिश लगाता है, लेप लगाता है, आंखों में काजल लगाता है, उबटन मलता है - **ञ्जेय्य** विधि॰, प्र॰ पु॰, ए॰ व॰, काजल लगा दे - *सेय्यथा वा पन अक्खं अब्भञ्जेय्य यावदेव भारस्स नित्थरणत्थाय*, स॰ नि॰ 2(2).180; - **ञ्जित** अद्य॰, प्र॰ पु॰, ए॰ व॰, मालिश कर दी - *सिरिमं ओवदित्वा उण्होदकेन न्हापेत्वा सतपाकतेलेन अब्भञ्जि*, ध॰ प॰ अट्ठ॰ 2.181; - **ञ्जिंसु** ब॰ व॰, मालिश की - *तत्थ निसिन्नानं गन्धोदकेन पादे धोवित्वा सतपाकेन तेलेन अब्भञ्जिंसु*, जा॰ अट्ठ॰ 5.373; - **ञ्जित्वा** पू॰ का॰ कृ॰, मालिश करा के - *तेलेन गत्तानि अब्भञ्जित्वा किलिट्ठवत्थं निवासेत्वा गिलानालयं कत्वा दासियो आणापेसि ...,* जा॰ अट्ठ॰ 1.420.

अब्भञ्जन नपुं॰, अभि + √अञ्ज से व्यु॰, क्रि॰ ना॰ [अभ्यञ्जन], चिकने पदार्थों को शरीर पर मलना, मालिश करना, आंखों में काजल डालना, उबटन, लेप - **नं** प्र॰ वि॰, ए॰ व॰ - *अब्भञ्जनं मया दिन्नं, द्विपदिन्दस्स तादिनो*, अप॰ 1.250; *अनुजानामि, भिक्खवे, अब्भञ्जनं अधिट्ठातुन्ति*, महाव॰ 281.

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

अब्भञ्जनदायक पु., दो स्थविरों के लिये प्रयुक्त उपाधि या उपनाम - **को** प्र. वि., ए. व. - *इत्थं सुदं आयस्मा अब्भञ्जनदायको थेरो इमा गाथायो अभासित्थाति,* अप. 1.250; *इत्थं सुदं आयस्मा अब्भञ्जनदायको थेरो इमा गाथायो अभासित्थाति, अब्भञ्जनदायकत्थेरस्सापदानं चतुत्थं,* अप. 2.102.

अब्भञ्जापेत्वा अभि + √अञ्ज के पू. का. कृ. का प्रेर., उबटन लगवा कर, तेल की मालिश कराकर - *परिसुद्धसरीरं सहस्सपाकतेलेन अब्भञ्जापेत्वा सयनपिट्ठे एळकचम्मं सन्थरापेत्वा ...,* जा. अट्ठ. 3.329.

अब्भति √अब्भ (गत्यर्थक) का वर्त., प्र. पु., ए. व. [अभ्रति], जाता है, इधर-उधर घूमता है - *अब्भति, अब्भो, वब्भति, मब्भति, ... सो हि अब्भति अनेकसतपटलो हुत्वा गच्छती ति अब्भो ति वुच्चति,* सद्द. 2.407.

अब्भतिक त्रि., [अभ्यतिक/अभ्यधिक], अधिक श्रेष्ठ, ऊंची श्रेणी या पद वाला, अधिक सम्मानित - **को** पु., प्र. वि., ए. व. - *समानसा होथ मयाव सब्बे, कोनीध रञ्ञो अब्भतिको मनुस्सो,* जा. अट्ठ. 7.185; *इध राजकुले तुम्हेहि अञ्ञो को नु रञ्ञो अब्भतिको मनुस्सो ति अत्तनो आसने निसीदापेय्य,* तदे..

अब्भतिक्कन्त त्रि., अभि + अति + √कम का भू. क. कृ. [अभ्यतिक्रान्त], बहुत पहले ही इस लोक को पार कर चुका, विदा हो चुका, मृत - **ता** पु., प्र. वि., ब. व. - *ये बुद्धा अब्भतिक्कन्ता, सम्पत्ता कालपरियायं,* जा. अट्ठ. 5.372; *अब्भतिक्कन्ताति इमं मनुस्सलोकं अतिक्कन्ता,* तदे..

अब्भतीत त्रि., अभि + अति + √इ का भू. क. कृ. [अभ्यतीत], **क. कर्म. वा.,** वह, जिसका उल्लंघन किया गया है या अतिक्रमण किया गया है - **तो** पु., प्र. वि., ए. व. - *बद्धा कुलीका मितमाळकेन, अक्खा जिता संयमो अब्भतीतो,* जा. अट्ठ. 3.477; *अब्भतीतो जीवितवुत्तिं निस्साय पब्बजन्तेनेव सीलसंयमो अतिक्कन्तो,* तदे.; **ख.** नपुं., वह, जिसे पार किया जा चुका है - *अदिट्ठं अब्भतीतं, बहुकेहि कप्पनहुतेहि,* अप. 1.22; ग. अकर्मक, बीत चुका - **ता** पु., प्र. वि., ब. व. - *बहुका खो, भिक्खवे, कप्पा अब्भतीता अतिक्कन्ता,* स. नि. 1(2).165; *अब्भतीता च ये बुद्धा, वत्तमाना अनागता,* अप. 1.280; - **सहाय** त्रि., ब. स. [अभ्यतीतसहाय], वह, जिसके साथी-सङ्गी इस लोक से जा चुके हैं - **यस्स** पु., ष. वि., ए. व. - *अब्भतीतसहायस्स, अतीतगतसत्थुनो,* थेरगा. 1038; - **हर** त्रि., [अभ्यतीतहर], बीते हुए समय को खींचकर सामने ले आने वाला - **रो** पु., प्र. वि., ए. व. - *नाब्भतीतहरो सोको, नानागतसुखावहो, ... तत्थ नाब्भतीतहरोति नाब्भतीताहारो, अयमेव वा पाठो, सोको नाम अब्भतीतं अतिक्कन्तं निरुद्धं अत्थङ्गतं पुन नाहरति,* जा. अट्ठ. 3.145.

अब्भत्त त्रि., अभि + √अञ्ज का भू. क. कृ. [अभ्यक्त], वह, जिसका उबटन किया गया है या जिसके शरीर पर तेल की मालिश की गयी है - **त्तो** पु., प्र. वि., ए. व. - *कुच्छिसञ्ञमनब्भत्तोति कुच्छिसंयमसङ्खातेन मितभोजनमयेन तेलेन अब्भत्तो,* जा. अट्ठ. 7.143.

अब्भत्थं अ., क्रि. वि., **केवल 'गच्छति' के साथ ही प्रयुक्त** [अभ्यस्त], **शा. अ.** घर की ओर जाता है, **ला. अ.** अस्त हो जाता है, डूब जाता है, क्षीण हो जाता है, अदृश्य हो जाता है - *भिक्खवे, पटिसञ्चिक्खतो अब्भत्थं गच्छति,* म. नि. 1.163; *अब्भत्थं गच्छतीति खयं नत्थिभावं गच्छति,* म. नि. अट्ठ. (मू.प.) 1(1).395; *एवं अकुसलापि धम्मा एकलक्खत्ता पहानं अब्भत्थं गच्छन्ति,* नेत्ति. 28; - **गत** त्रि., अस्त हो चुका, समाप्त हो चुका, डूब चुका, क्षीण हो चुका, शान्त हो चुका - **तो** पु., प्र. वि., ए. व. - *सन्तो निरुद्धो अत्थंगतो अब्भत्थंगतो ति आदीनि पयोगानि,* सद्द. 1.178; *निरुद्ध निरोधेति, विगतं विगमेति, खीणं खेपेति, अत्थङ्गतं अत्थङ्गमेति, अब्भत्थङ्गतं अब्भत्थङ्गमेतीति?,* कथा. 464; *इमम्हि लोके विनीता होन्ति पटिविनीता सत्ता समिता वूपसत्ता अत्थङ्गता अब्भत्थङ्गता अप्पिता ब्यप्पिता सोसिता विसोसिता ब्यन्तीकता,* विभ. 219; ध. स. अट्ठ. 214.

अब्भत्थता स्त्री., अब्भत्थ का भाव [अभ्यस्तता], अदृश्यता, विलुप्तता, मृत्यु - तं द्वि. वि., ए. व. - *अभुत्तपरिभोगेन, सब्बे अब्भत्थतं गता, ... अब्भत्थतं गताति सब्बे मरणमेव पत्ता,* जा. अट्ठ. 5.466.

अब्भनुजानाति अभि + अनु + √ञा का वर्त., प्र. पु., ए. व. [अभ्यनुजानाति], किसी के बारे में सहमत होता है, किसी के साथ सहमति रखता है, बात को स्वीकार करता है - *किं पनायस्मा सारिपुत्तो एकच्चं अब्भनुजानाति, एकच्चं न अब्भनुजानाती'ति,* दी. नि. 3.84-85; *किं पन, ब्राह्मण, सब्बो लोको ब्राह्मणानं एतदब्भनुजानाति – इमा चतस्सो पारिचरिया पञ्ञपेन्तू'ति,* म. नि. 2.395; *किं पनानन्द, पूरणस्स कस्सपस्स सब्बो लोको एतदब्भनुजानाति इमा छळभिजातियो पञ्ञपेतु'न्ति,* अ. नि. 2(2).93.

अब्भनुमोदति अभि + अनु + √मुद का वर्त., प्र. पु., ए. व. [अभ्यनुमोदति], अनुमोदन करता है, धन्यवाद देते हुए

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

हर्षपूर्वक किसी की बात को स्वीकार करता है, 'साधु, साधु' कहते हुए समर्थन करता है, प्रशंसा करता है - *कस्मा पन भवं कूटदन्तो समणस्स गोतमस्स सुभासितं सुभासिततो नाब्भनुमोदती'ति?*, दी॰ नि॰ 1.127; *यस्स विञ्ञू सब्रह्मचारी सत्थु सम्मुखा अनुमस्स अनुमस्स वण्णं भासन्ति, तञ्च सत्थ अब्भनुमोदति*, म॰ नि॰ 1.201; - **सि** म॰ पु॰, ए॰ व॰ - *किं पन त्वं, सम्म अभय, आयस्मतो आनन्दस्स सुभासितं सुभासिततो नाब्भनुमोदसी'ति?*, अ॰ नि॰ 1(1).252; - **देन्तो** पु॰, वर्त॰ कृ॰, प्र॰ वि॰, ए॰ व॰, अनुमोदन करते हुए - *अथस्स भगवा सरभञ्ञपरियोसाने अब्भनुमोदेन्तो – साधु साधु, भिक्खू'ति साधुकारं अदासि*, ध॰ प॰ अट्ठ॰ 2.340; - **मानो** उपरिवत् - *भगवतो धम्मदेसनं अब्भनुमोदमानो भगवन्तं एतदवोच*, सु॰ नि॰ अट्ठ॰ 1.122; - **देय्य** विधि॰, प्र॰ पु॰, ए॰ व॰ - *मुद्धापि तस्स विपतेय्य, यो समणस्स गोतमस्स सुभासितं सुभासिततो नाब्भनुमोदेय्य*, दी॰ नि॰ 1.127; - **मोदि** अद्य॰, प्र॰ पु॰, ए॰ व॰ - *अथ खो भगवा आयस्मतो सोणस्स सरभञ्ञपरियोसाने अब्भानुमोदि*, महाव॰ 270; - **दिस्सामि** भवि॰, उ॰ पु॰, ए॰ व॰ - *आयस्मतो आनन्दस्स सुभासितं सुभासिततो नाब्भनुमोदिस्सामि*, अ॰ नि॰ 1(1).252; - **दित्वा** पू॰ का॰ कृ॰ - *अथस्स भगवा ... तं तं वचनं सम्पटिच्छित्वा अब्भनुमोदित्वा ...*, म॰ नि॰ अट्ठ॰ (मू॰प॰) 1(1).120.

अब्भनुमोदन नपुं॰, अभि + अनु + √मुद से व्यु॰, क्रि॰ ना॰ [अभ्यनुमोदन], समर्थन, आनन्द से परिपूर्ण अनुमोदन - **नं** प्र॰ वि॰, ए॰ व॰ - *परेहि दिन्नाय पत्तिया व अञ्ञाय वा पुञ्ञकिरियाय साधु साधू'ति अनुमोदनवसेन अब्भनुमोदनं वेदितब्बं*, ध॰ स॰ अट्ठ॰ 203; - **ने** सप्त॰ वि॰, ए॰ व॰ - *अब्भनुमोदने हि अयमिध अभिक्कन्तसद्दो ... यस्मा च अब्भनुमोदनत्थे, तस्मा साधु साधु भो गोतमाति वुत्तं होतीति वेदितब्बं*, सु॰ नि॰ अट्ठ॰ 1.122; - **ना** स्त्री॰, उपरिवत् - **ना** प्र॰ वि॰, ए॰ व॰ - *मही व पुत्तदानम्हि दिन्नस्सब्भनुमोदना*, सद्धम्मो॰ 218.

अब्भनुमोदित त्रि॰, अभि + अनु + √मुद का भू॰ क॰ कृ॰ [अभ्यनुमोदित], अनुमोदित, समर्थित, वह, जिसकी स्वीकृति या पुष्टि कर दी गई है - **ता** पु॰, प्र॰ वि॰, ब॰ व॰ - *एवं सब्बेहि पि तेहि पुब्बाचरियेहि अब्भनुमोदिता अप्पटिकोसिता*, सद्द॰ 1.57.

अब्भन्तर¹ नपुं॰, [अभ्यन्तर], **शा॰ अ॰** मध्यवर्ती क्षेत्र, बीच वाला स्थान, भीतरी क्षेत्र, अन्तराल - **रं** प्र॰ वि॰, ए॰ व॰ - *सन्निवेसो च सण्ठानं, अथाब्भन्तरमन्तरं*, अभि॰ प॰ 771; *गब्भसेय्यकानं मातुकुच्छितो निक्खमनकाले पठमं अब्भन्तरवातो बहि निक्खमति*, सद्द॰ 2.399; **ला॰ अ॰ 1.** भीतर स्थित हृदय, मन या चित्त - *अब्भन्तरं ते गहनं, बाहिरं परिमज्जसि*, ध॰ प॰ 394; *अब्भन्तरन्ति अब्भन्तरस्मिं ते रागादिकिलेसगहनं*, ध॰ प॰ अट्ठ॰ 2.373; - **रे** सप्त॰ वि॰, ए॰ व॰ - *अब्भन्तरे पीति उप्पज्जि*, जा॰ अट्ठ॰ 6.12; **2. 28 ला॰ अ॰** 2. हाथों की बराबरी वाली माप की इकाई - *सत्तब्भन्तराति एत्थ एकं अब्भन्तरं अट्ठवीसति हत्थं होति*, पारा॰ अट्ठ॰ 2.213; *परसतो अब्भन्तरं न विजहितब्बं*, पारा॰ 310; *अब्भन्तरं तु हत्थानट्ठवीसप्पमाणतो*, अभि॰ प॰ 197; *अरञ्ञे समन्ता सत्तब्भन्तरा, अयं तत्थ समासंवासा एवुपोसथा*, महाव॰ 139; *तत्थ एकं अब्भन्तरं अट्ठवीसति हत्थप्पमाणं होति, मज्झे ठितस्स समन्ता सत्तब्भन्तरा विनिब्बेधेन चुद्दस होन्ति*, महाव॰ अट्ठ॰ 315.

अब्भन्तर² त्रि॰, [आभ्यन्तर], **शा॰ अ॰** भीतरी, अन्दर में विद्यमान - **रानि** नपुं॰, प्र॰ वि॰, ब॰ व॰ - *वज्जी यानि तानि वज्जीनं वज्जिचेतियानि अब्भन्तरानि चेव बाहिरानि च*, दी॰ नि॰ 2.58; *अब्भन्तरानीति अन्तोनगरे ठितानि*, दी॰ नि॰ अट्ठ॰ 2.98; - **स्स** पु॰, ष॰ वि॰, ए॰ व॰ - *तस्स पन अब्भन्तरस्स वा बाहिरस्स वा ञाणसम्पन्नो मूलवधाय परक्कमतीति*, जा॰ अट्ठ॰ 3.183; **ला॰ अ॰ क.** घर के भीतर रहने वाला, अपना निजी व्यक्ति, विश्वासपात्र व्यक्ति - **रा** पु॰, प्र॰ वि॰, ब॰ व॰ - *रञ्ञो अन्तेपुरे अब्भन्तरा गुय्हमन्ता बहिद्धा सम्भेदं गच्छन्ति*, पाचि॰ 211; *त्वं मेसि माता च पिता अथार, अब्भन्तरो पाणददो सहायो*, जा॰ अट्ठ॰ 5.161; ... *अब्भन्तरोति हदयमंससदिसो*, जा॰ अट्ठ॰ 5.162; *सासनस्स दायादो होमि, न होमीति सासनस्स ञातको अब्भन्तरो होमि, न होमीति अत्थो*, पारा॰ अट्ठ॰ टी॰ 1.120; **ला॰ अ॰ ख.** अनेक भीतरी लोगों में से एक, अन्यतर - ... *असीतिया महाथेरानं अब्भन्तरो अहोसि*, जा॰ अट्ठ॰ 5.454; - **अम्ब** पु॰, कर्म॰ स॰ [आभ्यन्तराम्र], देवताओं का वह आम्रवृक्ष, जिसे हिमालय के भीतरी प्रदेश में लगाया गया था - **म्बं** द्वि॰ वि॰, ए॰ व॰ - *नाहं देव अब्भन्तरअम्बं जानामि*, जा॰ अट्ठ॰ 2.325; - **म्बस्स** ष॰ वि॰, ए॰ व॰ - *अब्भन्तरअम्बस्स अत्थिभावं जानाथा'ति पुच्छि, ब्राह्मणा आहंसु – देव अब्भन्तरअम्बो नाम देवतानपरिभोगो*, जा॰ अट्ठ॰ 2.326; - **अम्बपक्के** नपुं॰, कर्म॰ स॰, सप्त॰ वि॰, ए॰ व॰, पके हुए देवों के आम्रवृक्ष के फल में - *सामि, अम्हाकं रञ्ञो देविया अब्भन्तरअम्बपक्के दोहळो उप्पन्नो*, जा॰ अट्ठ॰ 2.328; - **अम्बफलं** नपुं॰, तत्पु॰

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

स., प्र. वि., ए. व., देवों के आम्र-वृक्ष का फल *अब्भन्तरअम्बफलं देवा'ति*, जा. अट्ठ. 2.325.

अब्भन्तर[3] नपुं., [अभ्रान्तर], मेघों के बीच वाला अन्तराल - **रे** सप्त. वि., ए. व. - *तदा जिनसासनं अब्भन्तरे चन्दो विय अति परिसुद्धं न अहोसि*, सा. वं. 109(ना.).

अब्भन्तरं अ., क्रि. वि. [अभ्यन्तरं], आन्तरिक रूप में, भीतर में, भीतरी तौर पर - *अब्भन्तरं पुरे आसि, ततो मज्झे ततो बहि, ... अब्भन्तरन्ति पठमं मम अब्भन्तरं आसनं आसि*, जा. अट्ठ. 5.211-222; *अन्तरन्ति अब्भन्तरं*, दी. नि. अट्ठ. 1.241.

अब्भन्तर-गत त्रि., तत्पु. स. [अभ्यन्तरगत], भीतर गया हुआ, आन्तरिक रूप में विद्यमान - **तो** पु., प्र. वि., ए. व. - *अब्भन्तरगतो अवेक्खति, बहिद्धा निक्खमित्वा अवेक्खतीति? अब्भन्तरगतो अवेक्खतीति*, कथा. 64; *तत्थ अब्भन्तरगतोति रूपस्स अन्तोगतो, इतो वा एत्तो वा अनिक्खमित्वा रूपपरिच्छेदवसेनेव ठितो हुत्वाति अत्थो*, कथा. अट्ठ. 133; **ता** ब. व. - *एकविमानब्भन्तरगता द्वे महाब्रह्मानो विय, एकस्मिं गगनट्ठाने ठितानि द्वे चन्दमण्डलानि विय*, उदा. अट्ठ. 198.

अब्भन्तर जातक नपुं., एक जातक का शीर्षक, जा. अट्ठ. 2.323-328.

अब्भन्तरदाह पु., तत्पु. स. [आभ्यन्तरदाह], भीतर में जलन, मन में जलन, आन्तरिक दाह - **हो** प्र. वि., ए. व. - *अन्तोदाहोति अब्भन्तरदाहो*, महानि. अट्ठ. 201.

अब्भन्तरधातुप्पकोप पु., तत्पु. स. [आभ्यन्तरधातुप्रकोप], शरीर के भीतर की धातुओं की गड़बड़ी, आन्तरिक अङ्गों में उत्पात - *अब्भन्तरधातुप्पकोपवसेन वा सीतं होति ... अब्भन्तरधातुप्पकोपवसेन वा उण्हं होति*, महानि. 367; *अब्भन्तरधातुपकोपवसेन वाति सरीरब्भन्तरे आपो धातुक्खोभवसेन वा अञ्ञधातुक्खोभवसेन वा*, महानि. अट्ठ. 373.

अब्भन्तरभूत त्रि., [आभ्यन्तरभूत], अन्तर्गत आने वाला, किसी वर्ग या समूह के अन्दर स्थित - **ते** नपुं., सप्त. वि., ए. व. - *अन्तरट्ठके हिमपातसमयेति हेमन्तस्स उतुनो अब्भन्तरभूते माघमासस्स अवसाने चत्तारो फग्गुणमासस्स आदिम्हि चत्तारोति अट्ठदिवसपरिमाणे हिमस्स पतनकाले*, उदा. अट्ठ. 59.

अब्भन्तरमण्डल नपुं., कर्म. स. [आभ्यन्तरमण्डल], भीतरी घेरा - **लं** प्र. वि., ए. व. - *अन्तिममण्डलन्ति अब्भन्तरमण्डलं*, पारा. अट्ठ. वजिर. टी. 56.

अब्भन्तरमातिका स्त्री., धातु. के अन्तर्गत आए हुए विषयों की विस्तृत सूची - *तत्थ मातिका उद्देसो सा पञ्चविधा - नयमातिका, अब्भन्तरमातिका नयमुखमातिका, लक्खणमातिका, बाहिरमातिकाति*, धातु. अट्ठ. 2; ... *अयं पञ्चवीसाधिकेन पदसतेन निक्खित्ता अब्भन्तरमातिका नाम*, तदे.

अब्भन्तरवग्ग पु., जातक के एक खण्ड का शीर्षक, जा. अट्ठ. 2.323-355.

अब्भन्तरवात पु., तत्पु. स. [आभ्यन्तरवात], भीतर की वायु - **तो** प्र. वि., ए. व. - ... *गब्भसेय्यकानं मातुकुच्छितो निक्खमनकाले पठमं अब्भन्तरवातो बहि निक्खमति पच्छा बाहिरवातो* ..., सद्द. 2.399.

अब्भन्तरसीमा स्त्री., कर्म. स. [आभ्यन्तरसीमा], भीतरी सीमा, 15 प्रकार की सीमाओं में नौवीं सीमा, 28 हाथों की माप वाली सीमा - **मा** प्र. वि., ए. व. - *सीमाय देतीति एत्थ ताव खण्डसीमा, ..., अब्भन्तरसीमा, ..., चक्कवाळसीमाति पन्नरस सीमा वेदितब्बा*, महाव. अट्ठ. 392.

अब्भन्तरापस्सय त्रि., ब. स. [आभ्यन्तरपश्रय], हृदय के अन्दर विद्यमान, अन्दर विद्यमान - **स्सयं** नपुं., द्वि. वि., ए. व. - *को मे असत्थो अवणो, सल्लमब्भन्तरपस्सयं*, थेरगा. 757; *अब्भन्तरपस्सयन्ति अब्भन्तरसङ्खातं हदयं निस्साय ठितं*, थेरगा. अट्ठ. 2.242; पाठा. अब्भन्तरपस्सयं.

अब्भन्तरिक त्रि., [आभ्यन्तरिक], भीतरी, अत्यन्त घनिष्ट या समीपी, विश्वस्त, भरोसेमन्द - **को** पु., प्र. वि., ए. व. - *सो किर रञ्ञो सब्बत्थसाधको अमच्चो अब्भन्तरिको अतिविस्सासिको ... सहायो*, जा. अट्ठ. 1.94; - **का** तदेव, ब. व. - *अब्भन्तरिका तरुणदारका जानिस्सन्ती'ति उप्पन्नानि कम्मानि न करिस्सन्ति*, जा. अट्ठ. 1.323; विलो. बाहिरक.

अब्भन्तरिम त्रि., [अभ्यन्तरिम], **शा. अ.** भीतरी, अन्दर वाला, भीतर में स्थित - **मेन** नपुं., तृ. वि., ए. व. - *तिरियं सत्तन्तराति अब्भन्तरिमेन मानेन*, पारा. 229; *अब्भन्तरिमेन मानेना'ति, कुट्टस्स ... अब्भन्तरिमेन अन्तेन ... वुत्तं होति*, पारा. अट्ठ. 2.40; - **मा** पु., प्र. वि., ब. व. - *न अब्भन्तरिमा बहि निक्खमन्ति, न बाहिरा अन्तो पविसन्ति*, जा. अट्ठ. 5.77; **ला. अ.** अत्यन्त निकटवर्ती या घनिष्ट - **कं** पु., द्वि. वि., ए. व. - *अहं तं ... विस्सासिकं अब्भन्तरिकं करिस्सामीति* ..., म. नि. अट्ठ. (मू.प.) 1(2).300; - **मन्त** पु., कर्म. स. [आभ्यन्तरिमान्त], भीतर वाला किनारा या क्षेत्र - **मन्ते** सप्त. वि., ए. व. - *अब्भन्तरिमन्ते पञ्ञाससहस्सघनिका*, म. नि. अट्ठ. (मू.प.) 1(2).27.

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

अब्भन्तरे अ., क्रि. वि., अब्भन्तर (1) का सप्त. वि., प्रतिरू. निपा., **क.** अन्दर में, भीतर में, चित्त के अन्दर, हृदय में *अब्भन्तरे वातो जीवो ... निक्खमति च*, मि. प. 27; 244; *अब्भन्तरे अत्ता नाम ... नत्थि*, म. नि. अट्ठ. (मू.प.) 1(1).272; *अब्भन्तरे रागादीनं उपसन्तताय*, ध. प. अट्ठ. 2; **ख.** ष. वि. में अन्त होने वाले नाम के पश्चात् प्रयुक्त, बीच में, के साथ, में से एक - *तस्सेवं ... ञातिसङ्घस्स अब्भन्तरे अयं तथा उदपादि*, जा. अट्ठ. 1.68; *अभिक्खुके ... भिक्खुनुपस्सयतो अड्डयोजनब्भन्तरे ओवाददायका ... न वसन्ति*, पाचि. अट्ठ. 51; *तस्सा पुब्बे ... पविट्ठमत्ताय उब्भारब्भन्तरे सकलसरीरं उग्घाटितवच्चकुटि विय दुग्गन्धं जातं*, अ. नि. अट्ठ. 1.134.

अब्भाकुटिक / अभाकुटिक त्रि., भाकुटिक का निषे. [अभ्राकुटिक], भौंहे नहीं तानने वाला, अहंकार-रहित, दर्परहित, विनम्र - **को** पु., प्र. वि., ए. व. - *गोतमो एहिस्वागतवादी सखिलो सम्मोदको अब्भाकुटिको उत्तानमुखो पुब्बभासी*, दी. नि. 1.102; *अब्भाकुटिकोति यथा एकच्चे परिसं पत्वा थद्धमुखा सङ्कुटितमुखा होन्ति, न एदिसो, परिसदस्सनेन ... होति*, दी. नि. अट्ठ. 1.231; *समणो किर गोतमो अब्भाकुटिको उत्तानमुखो सुखसम्भासो पटिसन्थारकुसलो*, ध. प. अट्ठ. 2.286; - **का** पु., प्र. वि., ब. व. *अम्हाकं ... सण्हा ... एहिस्वागतवादिनो अब्भाकुटिका उत्तानमुखा पुब्बभासिनो*, पारा. 282; *अब्भाकुटिका'ति इमिना भाकुटिकभाकुटिकाकारस्स अभावो दस्सितो*, पारा. अट्ठ. 2.187.

अब्भागत त्रि., अभि + आ + √गम का भू. क. कृ. [अभ्यागत], **शा. अ.** अपनी ओर आया हुआ, **ला. अ.** अतिथि, आगन्तुक - **ता** पु., प्र. वि., ब. व. - ... *निक्खन्ता अब्भागता, सब्बेपि ते तं ... भोजनं न लभिंसु*, मि. प. 155; - **ते** पु., द्वि. वि., ब. व. - *ते ... पूजेस्साम अब्भागते च आसनोदकेन पटिपूजेस्सामा'ति*, अ. नि. 2(1).33; *अब्भागतेति अत्तनो सन्तिकं आगते*, अ. नि. अट्ठ. 1.18; - **तानं** पु., ष. वि., ब. व. - *समण ब्राह्मणानं पन अब्भागतानं आसनं दत्वा पादधोवनञ्च दातब्बं*, अ. नि. अट्ठ. 1.19; *अहं मनुस्सेसु मनुस्सभूता, अब्भागतानासनकं अदासिं*, वि. व. 5; *अब्भागतानन्ति अभिआगतानं, सम्पत्तआगन्तुकानन्ति अत्थो*, वि. व. अट्ठ. 18.

अब्भागमन नपुं., अभि + आ + √गम से व्यु., क्रि. ना. [अभ्यागमन], **शा. अ.** अपनी ओर किसी का आना, आ पहुंचना, आगमन - **नं** प्र. वि., ए. व. - *कच्चित्थ, भोन्तो कुसलं अनामयं, चिरस्सम्मब्भागमनञ्हि इधा'ति*, जा. अट्ठ. 3.466; *चिरस्समब्भागमनञ्हि वो इधाति अज्ज तुम्हाकं इध अब्भागमनञ्च चिरं जातं*, तदे.; *भिक्खुसङ्घस्स अब्भागमनं आरोचेसी'ति*, अ. नि. 2(2).208; **ला. अ.** मैथुन-कर्म हेतु सम्पर्क - *पुरिसस्स वा अब्भागमनं सादियेय्य*, पाचि. 297.

अब्भाघातनिस्सित त्रि., अभि + आ + √हन से व्यु., अब्भाघात + निस्सित का तत्पु. स. [अभ्याघातनिःश्रित], वधस्थल में स्थित - **तं** नपुं., प्र. वि., ए. व. - *पुब्बण्णनिस्सितं वा होति, अपरण्णनिस्सितं वा होति, अब्भाघातनिस्सितं वा होति*, पारा. 231; *एत्थ पन अब्भाघातन्ति कारणाघरं, वेरिघरं*, पारा. अट्ठ. 2.141.

अब्भाचिक्खति अभि + आ + √चिक्ख का वर्त., प्र. वि., ए. व. [अभ्याचष्टे], आरोप लगाता है, किसी बात को अनुचित रूप में प्रस्तुत करता है - *अत्तनादुग्गहितेन अम्हे येव अब्भाचिक्खति*, पारा. अट्ठ. 1.20; *अब्भचिक्खतीति अम्हाकञ्च अब्भाचिक्खनं करोति*, पारा. टी. 1.80; - **सि** म. पु., ब. व. - *अत्तना दुग्गहितेन अम्हे चेव अब्भाचिक्खसि*, म. नि. 1.185; - **क्खामि** उ. पु., ए. व. - *न च भगवन्तं अभूतेन अब्भाचिक्खामि*, म. नि. 3.179; - **न्ति** प्र. पु., ब. व. - *न च भवन्तं गोतमं अभूतेन अब्भाचिक्खन्ति, धम्मस्स चानुधम्मं ब्याकरोन्ति*, दी. नि. 1.146; *एवंवादिं खो मं ... एके समणब्राह्मणा असता तुच्छा मुसा अभूतेन अब्भाचिक्खन्ति*, दी. नि. 3.25; *अब्भाचिक्खन्तीति अभिआचिक्खन्ति*, दी. नि. अट्ठ. 3.13; - **न्तो** पु., वर्त. कृ., प्र. वि., ए. व., दोषारोपण करने वाला - *तत्थ अभूतवादीति ... मुसावादं कत्वा तुच्छेन परं अब्भाचिक्खन्तो*, ध. प. अट्ठ. 2.272; - **न्ता** उपरिवत्, ब. स. - *न च ... भगवन्तं ... अभूतेन अब्भाचिक्खन्ता*, महाव. 314; - **क्खेय्याथ** विधि., म. पु., ब. व. - *न च भगवन्तं अभूतेन अब्भाचिक्खेय्याथ*, स. नि. 2(1).6; **क्खेय्याम** विधि., उ. पु., ब. व. - *न च भगवन्तं अभूतेन अब्भाचिक्खेय्याम*, म. नि. 2.158; - **क्खन्तेसु** पु., वर्त. कृ., सप्त. वि., ब. व. - *यस्मा इमे ... फरुसाहि वाचाहि अब्भाचिक्खन्तेसुपि ... दस्सेन्ति*, उदा. अट्ठ. 211; - **क्खि** अद्य., प्र. पु., ए. व. - ..., *अब्भाचिक्खि अभूतेन*, उदा. अट्ठ. 214; - **क्खिं** अद्य., उ. पु., ए. व. - *पच्चेकबुद्धं सुरभिं, अब्भाचिक्खिं अदूसकं*, अप. 1.328; - **क्खितो** पु., भू. क. कृ., प्र. वि., ए. व. - *अयञ्च मे अभूतेन अब्भाचिक्खितो*, ध. प. अट्ठ. 2.66.

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

अब्भाचिक्खन नपुं., अभि + आ + √चिक्ख से व्यु., क्रि. ना. [अभ्याख्यान], मिथ्या दोषारोपण – **नं** प्र. वि., ए. व. – *न युत्तं बुद्धादीनं गरूनं अब्भाचिक्खनं*, सद्द. 1.95; – **णेन** तृ. वि., ए. व. – *येपि च ... अभूतेन अब्भाचिक्खणेन ... पुथुज्जना*, उदा. अट्ठ. 351.

अब्भादिउपक्किलेसरहित / अब्भादिमलविरहित त्रि., तत्पु. स., निष्कलङ्क, बेदाग, विशुद्ध, मलरहित – **तं** नपुं., प्र. वि., ए. व. – *विसुद्धन्ति अब्भादिउपक्किलेसरहितं*, सु. नि. अट्ठ. 2.187; – **तो** पु., प्र. वि., ए. व. – *विमलोति अब्भादिमलविरहितो*, जा. अट्ठ. 5.57.

अब्भान नपुं., *विनय का पारिभाषिक शब्द* [बौ. सं. आह्वान], **शा. अ.** वापस बुलाना, आमन्त्रण, **विनय के सन्दर्भ में**, सङ्घ से निष्कासित भिक्षु को सङ्घ में पुनः प्रवेश देने वाला सङ्घकर्म, जिस भिक्षु ने सङ्घादिसेस के अन्तर्गत आने वाला कोई भी अपराध कर 6 रातों तक मानत्त नामक प्रायश्चित पूरा किया है, उसे सङ्घ में पुनः प्रवेश का कर्म ही अब्भान है – **नं** नपुं., प्र. वि., ए. व. – *मज्झिमेसु जनपदेसु उपसम्पदं अब्भानं, ..., ठपेत्वा एकं कम्मं – अब्भानं*, महाव. 416; ... *पातिमोक्खं ... अब्भानं पञ्ञत्तं*, अ. नि. 1(1).119; *चिण्णमानत्तस्स अब्भानं पञ्ञत्तं*, अ. नि. अट्ठ. 2.69; **स्स** च. वि., ए. व. – ... *मानत्तदानस्स ... अब्भानस्स ...*, परि. 272; **कम्म** नपुं., तत्पु. स. [आह्वानकर्मन्], भिक्षु को सङ्घ में पुनः वापस बुलाने का सङ्घ का विधान *ततो परं सब्बा अन्तरापत्तियो योजेत्वा अब्भानकम्मं दस्सितं*, परि. 33; *अब्भानकम्मवसेन ओसारेतब्बोति वुत्तं होति*, पारा. अट्ठ. 2.193; – **सञ्ञित** त्रि., अब्भान नाम वाला (संघकर्म) – **तं** नपुं., प्र. वि., ए. व. – *उपसम्पदककम्मञ्च, कम्ममब्भानसञ्ञितं*, विन. वि. 3010; – **नारह** त्रि., [आह्वानार्ह], संघ में पुनः वापस बुलाए जाने योग्य – **हो** पु., प्र. वि., ए. व. – *सचे उपज्झायो अब्भानारहो होति*, महाव. 55; 59; – **हं** तदेव, द्वि. वि., ए. व. – ... *अब्भानारहं उपसम्पादेति*, महाव. 424; **हेन** तदेव, तृ. वि., ए. व. – *अब्भानारहेन भिक्खुना सद्धिं एकच्छन्ने आवासे वत्थब्बं*, चूळव. 82; – **हा** पु., प्र. वि., ब. व. – *अब्भानारहा भिक्खू सादियिस्सन्ति पकतत्तानं भिक्खूनं अभिवादनं पच्चुट्ठानं*, चूळव. 95; – **चतुत्थ** त्रि., कर्म. स. [आह्वानार्हचतुर्थ], चौथी बार संघ में पुनः प्रवेश देने योग्य **त्थो** पु., प्र. वि., ए. व. – *अब्भानारहचतुत्थो चे ..., परिवासं ददेय्य, ... अकम्मं न च करणीयं*, महाव. 418.

अब्भामत्त त्रि., ब. स. [अभ्रमात्र], वह, जिसकी मात्रा महामेघ के समान हो, अत्यधिक मात्रा वाला – **त्तं** नपुं., प्र. वि., ए. व. *वालग्गमत्तं पापस्स, अब्भामत्तंव खायती'ति*, स. नि. 1(1).237; *अब्भामत्तं वाति वलाहककूटमत्तं विय*, स. नि. अट्ठ. 1.262; *अब्भामत्तं खायतीति महामेघप्पमाणं हुत्वा उपट्ठाति*, जा. अट्ठ. 3.270.

अब्भास पु., [अभ्यास], **क.** पुनरावृत्ति, बार बार दोहराना – **से** सप्त. वि., ए. व. – *मन अब्भासे*, सद्द. 2.397; **ख. व्याकरण के विशेष सन्दर्भ में**, किसी धातु के द्वित्व किए गए वर्णो का प्रथम वर्ण **से** सप्त. वि., ए. व. – *अब्भासे वत्तमानो सरो रस्सो होति*, सद्द. 3.826; **सञ्ञ** त्रि., ब. स. [अभ्याससंज्ञक], वह, जिसकी संज्ञा 'अभ्यास' हो – **ञ्ञो** पु., प्र. वि., ए. व. *द्वेभूतस्स धातुस्स यो पुब्बो सो अब्भाससञ्ञो होति, दधाति, ददाति, बभूव*, क. व्या. 461.

अब्भाहत त्रि., अभि + आ + √हन का भू. क. कृ. [अभ्याहत], बुरी तरह से पीटा गया, अभिभूत, दुर्गतिग्रस्त, विपत्तिग्रस्त – **तो** पु., प्र. वि., ए. व. – *एवमब्भाहतो लोको, मच्चुना, मच्चुना च जराय च*, सु. नि. 586; *यत्थाति अभिवेगब्भाहतो विचरन्तो यम्हि पदेसे पतिट्ठं लभति*, जा. अट्ठ. 6.267; – **तं** पु., द्वि. वि., ए. व. – *जराय अनुसटं, मरणेन अब्भाहतं*, म. नि. अट्ठ. (उप.प.) 3.221; – **ता** पु., प्र. वि., ब. व. – ... *इमिना पन अब्भाहता सन्तो न कम्पन्ति न पवेधेन्ति*, जा. अट्ठ. 2.159.

अब्भित त्रि., वापस बुलाया गया, पुनः प्रवेश-प्राप्त, पुनर्वास को प्राप्त **तो** पु., प्र. वि., ए. व. *अब्भेय्य विधिना भिक्खु, पकतत्तो पुनब्भितो*, विन. वि. 538; *अनब्भितोति न अब्भितो*, पारा. अट्ठ. 2.193.

अब्भिद त्रि., √भिद के सं. कृ. का निषे. [अभेद्य], नहीं टूटने या काटने योग्य, नष्ट न होने योग्य **दं** नपुं., प्र. वि., ए. व. – *सीलमाभरणं सेट्ठं, सीलं कवचमब्भुतं*, थेरगा. 614; *सपाणपरित्तानतो कवचमब्भिदं*, थेरगा. अट्ठ. 2.188; पाठा. अब्भुतं.

अब्भिदा √भिद के अद्य. का प्र. पु., ए. व., तोड़ दिया, नष्ट कर दिया – *मकसं वधिस्स'न्ति हि एळमूगो, पुत्तो पितु अब्भिदा उत्तमङ्ग'न्ति*, जा. अट्ठ. 1.241; *यत्थब्भिदा गरुळो उत्तमङ्ग'न्ति*, ध. प. अट्ठ. 1.84.

अब्भीरित त्रि., अभि + √ईर का भू. क. कृ. [अभीरित], कहा हुआ, उच्चारित, कथित – **तं** नपुं., प्र. वि., ए. व. *वा ति कस्मा? अब्भीरितं, अज्झिणमुत्तो*, क. व्या. 46.

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

अब्भुक्किरण नपुं., अभि + उ + √किर से व्यु. [अभ्युत्किरण], छिड़काव, पानी का छिड़काव, पवित्रीकरण की क्रिया - *सज विसग्गपरिसज्जनब्भु क्करणेसु, सजति, लोक्यं सजन्तं उदकं* सद्द. 2.348.

अब्भुक्किरति अभि + उ + √किर का वर्त., प्र. पु., ए. व. [अभ्युत्किरति], छिड़कता है, छिड़काव करता है - *दक्खिणेन हत्थेन चक्करतनं अब्भुक्किरति,* म. नि. 3.211; *अत्तनो उपरि सीसे सजन्तं अब्भुकिरति,* जा. अट्ठ. 7.51; **रि** अद्य., प्र. पु., ए. व. - *पुन उदकं गहेत्वा दक्खिणाय पच्छिमाय उत्तरायाति एवं चतूसु दिसासु अब्भुक्किरि,* पे. व. अट्ठ. 64.

अब्भुग्गच्छति अभि + उ √गम का वर्त., प्र. पु., ए. व. [अभ्युद्गच्छति], **क.** चारों ओर फैलता है, जहां-तहां फैलता है, ऊपर की ओर उठ जाता है - *दुस्सीलस्स सीलविपन्नस्स पापको कित्तिसद्दो अब्भुग्गच्छति,* महाव. 303; - **च्छेय्य** विधि., प्र. वि., ए. व. - *कस्स नु खो कल्याणो कित्तिसद्दो अब्भुग्गच्छेय्य यो वा सो पुरिसो अस्सद्धो मच्छरी कदरियो परिभासको,* अ. नि. 2(2).220; - **च्छि** अद्य., प्र. पु., ए. व. - *गहपतनिया अपरेन समयेन एवं पापको कित्तिसद्दो अब्भुग्गच्छि चण्डी वेदेहिका गहपतानी'ति,* म. नि. 1.178; **हेत्वा** पू. का. कृ. *सोण्डाय भिसमुलालं अब्भुहेत्वा न सुविक्खालितं विक्खालेत्वा ...,* स. नि. 1(2).245; **ख.** समीप जाता है, भेंट करने जाता है - **गञ्छि** अद्य., प्र. पु., ए. व. - *पञ्चहि सेट्ठिसतेहि सद्धिं भगवन्तं अब्भुग्गञ्छि,* जा. अट्ठ. 1.102.

अब्भुग्गत त्रि., भू. क. कृ. [अभ्युद्गत], ऊपर की ओर उठा हुआ, आगे गया हुआ - **तो** पु., प्र. वि., ए. व. - *तं खो पन भवन्तं गोतमं कल्याणो कित्तिसद्दो अब्भुग्गतो,* पारा. 1; *कतत्ता बोधिसत्तस्स कित्तिसद्दो दससहस्सिया लोकधातुया सदेवमनुस्सेसु अब्भुग्गतो,* मि. प. 257; - **तानि** नपुं., प्र. वि., ब. व. - *कथं अब्भुग्गतानीति न चिन्तेतब्बं,* जा. अट्ठ. 1.70; **त्त** नपुं., भाव., ऊपर की ओर उठ जाना, समुन्नत हो जाना - **त्ता** प. वि., ए. व. - *पीतिमा पन पुग्गलो कायचित्तानं उग्गतत्ता अब्भुग्गतत्ता उदग्गोति वुच्चति,* ध. स. अट्ठ. 188.

अब्भुज्जलन नपुं., अभि + उ + √जल से व्यु., क्रि. ना. [अभ्युज्ज्वलन], **शा. अ.** ऊपर की ओर आग का जलना, **ला. अ.** ऐन्द्रजालिक प्रक्रिया के द्वारा मुख से अग्निज्वाला को निकालना - **नं** प्र. वि., ए. व. - *अब्भुज्जलनन्ति मन्तेन मुखतो अग्गिजालानीहरणं,* दी. नि. अट्ठ. 1.10.

अब्भुट्ठाति अभि + उ + √ठा का वर्त., प्र. पु., ए. व. [अभ्युत्तिष्ठति], आगे की ओर जाने के लिये बढ़ता है, आगे जाने के लिये समुद्यत होता है - **ट्ठासि** अद्य., प्र. पु., ए. व. - *भगवा विहारा निक्खम्म चङ्कमं अब्भुट्ठासि,* दी. नि. 1.92.

अब्भुट्ठित त्रि., अभि + उ + √ठा का भू. क. कृ. [अभ्युत्थित], ऊपर की ओर उठ रहा, बादल के समान ऊपर की ओर उठता हुआ - **तो** पु., प्र. वि., ए. व. - *अब्भुट्ठितोव सो याति, स गच्छं न निवत्तति,* जा. अट्ठ. 4.446; *अब्भुट्ठितोव सो यातीति सो माणवो यथा नाम वलाहकसङ्घातो अब्भो उट्ठितो निब्बत्तो,* जा. अट्ठ. 4.449.

अब्भुण्ह त्रि., [अभ्युष्ण], अधिक गर्म, ताजा, अपनी उष्णता को सुरक्षित रखने वाला - **ण्हं** नपुं., प्र. वि., ए. व. *पच्चग्घन्ति अब्भुण्हं अपरिवासिकं,* जा. अट्ठ. 2.360; - **ण्हे** नपुं., सप्त. वि., ए. व. - *अभिन्ने सरीरेति अब्भुण्हे अल्लसरीरे पंसुकूलं न गहेतब्बं,* पारा. अट्ठ. 1.302.

अब्भुत[1] त्रि., [अद्भुत], **क.** विस्मयकारी, आश्चर्यजनक, अभूतपूर्व, अलौकिक - *विम्हयेच्छरियाब्भुता,* अभि. प. 736; *अब्भुतोच्छरिये तीसु पणे चेवाब्भुतो पुमे,* अभि. प. 1023; - **तं** नपुं., प्र. वि., ए. व. - *अच्छरियं, वत भो, अब्भुतं, वत भो, ...,* दी. नि. 1.53; उदा. 86; *अभूतपुब्बं भूतन्ति अब्भुतं,* उदा. अट्ठ. 101; - **ता** पु., प्र. वि., ब. व. - *अट्ठिमे, भिक्खवे, महासमुद्दे अच्छरिया अब्भुता धम्मा, ...,* उदा. 128; **ख.** पु., नाट्य या काव्य के नौ रसों में एक, अद्भुत रस - *सिङ्गारो करुणो वीरब्भुतहस्सभयानका, सन्तो बीभच्छरुद्दानि नव नाट्यरसा इमे,* अभि. प. 102; सुबोधा. 353; **ग.** नपुं., आश्चर्य, विस्मय, इन्द्रजाल, ऋद्धि का चमत्कार - **तं** द्वि. वि., ए. व. - *तस्मिं ठाने कता साला पकासेतुं तमब्भुतं,* म. वं. 19.27; **घ.** बुद्धवचनों के नवाङ्ग-विभाजन का एक अङ्ग, ऋद्धि चमत्कारों अथवा अलौकिक बातों का उल्लेख करने वाले बुद्धवचन - *... जातकब्भुतवेदल्लं नवङ्गं सत्थुसासनं,* दी. वं. 4.20; **ङ.** नपुं., निर्वाण का सङ्केतक पद - **तं** द्वि. वि., ए. व. - *अब्भुतञ्च वो, भिक्खवे, देसेस्सामि अब्भुतगामिञ्च मग्गं,* स. नि. 2(2).342; - **गामी** त्रि., [अद्भुतगामिन्], अलौकिक अथवा पूर्व में अप्राप्त निर्वाण-पद की ओर ले जाने वाला (मार्ग) - **मिं** पु., द्वि. वि., ए. व. - *अब्भुतञ्च वो, भिक्खवे, देसेस्सामि अब्भुतगामिञ्च मग्गं,* स. नि. 2(2).342; - **चित्तजात** त्रि., आश्चर्यचकित, अभूतपूर्व सन्तुष्टिभाव से युक्त, - **ता** स्त्री., प्र. वि., ए. व. - *सा*

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

परिसा अब्भुतचित्तजाता अहोसि, स॰ नि॰ 1(1).207; *अब्भुतचित्तजातांति अभूतपुब्बसन्तुट्ठिया समन्नागता,* स॰ नि॰ अट्ठ॰ 1.232; - **धम्म¹** पु॰, कर्म॰ स॰ [अद्भुतधर्म], आश्चर्यजनक धर्म, उत्तम एवं प्रणीत धर्म - **म्मं** द्वि॰ वि॰, ए॰ व॰ - ... *भन्ते, भगवतो अच्छरियं अब्भुतधम्मं धारेमि,* म॰ नि॰ 3.162; - **म्मेन** तृ॰ वि॰, ए॰ व॰ - *यदा मम भाता महन्तेन अब्भुतधम्मेन समन्नागतो विज्जाधरो ...,* जा॰ अट्ठ॰ 3.401; - **धम्म²** नपुं॰, विषय एवं शैली के आधार पर बुद्धवचनों का विभाजन करने वाले नौ अङ्गों में से एक, आश्चर्य, ऋद्धिप्रातिहार्य एवं लोकोत्तर तत्त्वों से भरपूर बुद्धवचन - **म्मं** प्र॰ वि॰, ए॰ व॰ - ... *सब्बेपि अच्छरियब्भुतधम्मपटिसंयुत्तसुत्तन्ता अब्भुतधम्मन्ति वेदितब्बं,* दी॰ नि॰ अट्ठ॰ 1.24; - **धम्मसमन्नागत** त्रि॰, तत्पु॰ स॰, विलक्षण अथवा अद्भुत धर्मों से परिपूर्ण - **ता** पु॰, प्र॰ वि॰, ब॰ व॰ - *तथागता अब्भुतधम्मसमन्नागता चा ति,* म॰ नि॰ 3.162; - **धम्मसो** अ॰, निपा॰, अब्भुत धम्म नामक अङ्ग की दृष्टि से - *यदि अब्भुतधम्मसो – ततो ततो लभतेव अत्तमनतं, लभति चेतसो पसादं,* अ॰ नि॰ 2(1).218.

अब्भुत² पु॰/नपुं॰, बाजी, दांव, शर्त - **तो** पु॰, प्र॰ वि॰, ए॰ व॰ - *पणो'ब्भुतो,* अभि॰ प॰ 532; *पणे चेवाब्भुतो पुमे,* अभि॰ प॰ 1023; प्रायः √कर के क्रि॰ रू॰ के साथ प्रयुक्त, बाजी लगाता है, दांव पर लगा देता है - *करिस्सति न करिस्सती ति अब्भुतमकंसु,* पारा॰ 203; *सेट्ठिना सद्धिं सहस्सेन अब्भुतं करोहि,* पाचि॰ 7; *होतु नो अब्भुतं तत्थ,* जा॰ अट्ठ॰ 7.37.

अब्भुतोरुगुणाकर पु॰, [अद्भुतगुणाकर], आश्चर्यकर एवं विस्तृत गुणों की खदान - **रो** प्र॰ वि॰, ए॰ व॰ - *अवज्झवादी अतुलो अब्भुतोरुगुणाकरो,* सद्धम्मो॰ 345.

अब्भुदाहासि अभि + उद + आ + √हर का अद्य॰, प्र॰ पु॰, ए॰ व॰, प्रकाशित किया, प्रकट किया, स्पष्ट रूप से कहा - *इमं कथावत्थुं राजन्तेपुरे अब्भुदाहासीति,* म॰ नि॰ 2.335.

अब्भुदित त्रि॰, अभि + उद + √इ का भू॰ क॰ कृ॰ [अभ्युदित], **शा॰ अ॰** उठा हुआ, उगा हुआ, **ला॰ अ॰** सौभाग्यशाली, शुभ, माङ्गलिक - **ता** स्त्री॰, प्र॰ वि॰, ए॰ व॰ - *तेसं अब्भुदिता कालसम्पदा येव केवलं,* चू॰ वं॰ 64.49.

अब्भुदीरित त्रि॰, अभि + उद + √ईर का भू॰ क॰ कृ॰ [अभ्युदीरित], कहा हुआ, उक्त - **तं** नपुं॰, प्र॰ वि॰, ए॰ व॰ - *अब्भुदीरितं अब्भुग्गच्छति,* क॰ व्या॰ 44; सद्द॰ 3.619.

अब्भुदीरेति अभि + उद + √ईर का वर्त॰, प्र॰ पु॰, ए॰ व॰ [अभ्युदीरयति], कहता है, बोलता है - **रयं** वर्त॰ कृ॰, पु॰, प्र॰ वि॰, ए॰ व॰ - *अहो दानन्ति बहुसो उदानं अब्भुदीरयं,* सद्धम्मो॰ 514; - **रयी** अद्य॰, प्र॰ पु॰, ए॰ व॰ - *अट्ठङ्गुपेतं गिरमब्भुदीरयी,* म॰ नि॰ अट्ठ॰ (मू॰प॰) 1(1).51; **रेसुं** अद्य॰, प्र॰ पु॰, ब॰ व॰ - *इमा गिरा अब्भुदीरेसुं,* थेरीगा॰ 404.

अब्भुदेति / अब्भुदेति अभि + उद + √इ का वर्त॰, प्र॰ पु॰, ए॰ व॰ [अभ्युदेति], उगता है, ऊपर की ओर उठता है, सूर्य के समान उदित होता है - *वेरोचनो अब्भुदेति यत्थ च अत्थमेति,* अ॰ नि॰ 1(2).57; *यदा च रस्मिसम्पन्नो, अब्भुदेति पभङ्करो,* म॰ नि॰ अट्ठ॰ (मू॰प॰) 1(1).316; - **यं** वर्त॰ कृ॰, पु॰, प्र॰ वि॰, ए॰ व॰ - *अब्भुदयन्ति अभिउग्गच्छन्तो, अब्भुदसन्ति पि पाठो,* वि॰ व॰ अट्ठ॰ 235; *ओभासयन्ती दस सब्बसो दिसा, अब्भुदयं सारदिको'व भाणुमा,* वि॰ व॰ 1031.

अब्भुदय पु॰, [अभ्युदय], विकास, उन्नति, प्रगति, सफलता - **यं** द्वि॰ वि॰, ए॰ व॰ - *इधलोकपरलोकेसु वुद्धिं अब्भुदयं नावबुज्झन्ति,* उदा॰ अट्ठ॰ 278.

अब्भुद्धरण नपुं॰, [अभ्युद्धरण], ऊपर की ओर उठाना, बाहर की ओर ले जाना - *अग्गियाधाने ठितो अग्गि कतब्भुद्धरणो समिधापक्खेपं बीजनवातञ्च लभित्वा ...,* सु॰ नि॰ अट्ठ॰ 1.338.

अब्भुन्नत त्रि॰, अभि + उ + √नम का भू॰ क॰ कृ॰ [अभ्युन्नत], उठा हुआ, ऊंचा किया हुआ, ऊपर की ओर उभरा हुआ - **ता** स्त्री॰, प्र॰ वि॰, ब॰ व॰ - *अब्भुन्नता समा होन्ति, को दिस्वा न पसीदति,* अप॰ 2.44.

अब्भुन्नति स्त्री॰, अभि + उ + √नम से व्यु॰ [अभ्युन्नति], दर्पशीलता, अतिमानिता, अहंकार, घमण्ड - **लक्खण** त्रि॰, ब॰ स॰, अत्यधिक अहङ्कारी, घमण्डी स्वभाव वाला - **क्खणो** पु॰, प्र॰ वि॰, ए॰ व॰ - *अब्भुण्णतिलक्खणो अतिमानो, अतिविय अहङ्काररसो,* म॰ नि॰ अट्ठ॰ (मू॰प॰) 1(1).114.

अब्भुन्नदित त्रि॰, अभि + उ + √नद का पू॰ का॰ कृ॰ [अभ्युन्नदित], निनादित, प्रतिध्वनित, अनुगुञ्जित - **दिता** पु॰, प्र॰ वि॰, ब॰ व॰ - *अब्भुन्नदिता सिखीहि, ते सेला रमयन्ति मं,* थेरगा॰ 1068; *अब्भुन्नदिता सिखीहीति मधुरस्सरेन उन्नदिता,* थेरगा॰ अट्ठ॰ 2.383.

अब्भुन्नमित्वा अभि + उ + √नम का पू॰ का॰ कृ॰, ऊपर की ओर छलक कर, फूट कर बाहर निकल कर - *उदकसालतो पि अब्भुन्नमित्वा भगवतो चितकं निब्बापेसि,* दी॰ नि॰ 2.123.

अब्भुन्नामेत्वा अभि + उ + √नम के प्रेर॰ का पू॰ का॰ कृ॰, ऊपर की ओर तान कर, सीधा खड़ा कर - *पुरिमं कायं अब्भुन्नामेत्वा पच्छिमं कायं अनुविलोकेति,* अ॰ नि॰ 1(2).280.

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

अब्भुन्नामेय्यं अभि + उ + √नम के प्रेर॰ का विधि॰, उ॰ पु॰, ए॰ व॰, ऊपर की ओर कर दूं, खड़ा कर दूं - *यानगतो समानो पतोदलट्ठिं अब्भुन्नामेय्यं,* दी॰ नि॰ 1.111.

अब्भुय्यात त्रि॰, अभि + उ + √या का भू॰ क॰ कृ॰, कूच कर चुका, बाहर की ओर निकल चुका, किसी की ओर अभिमुख होकर चल चुका - **तो** पु॰, प्र॰ वि॰, ए॰ व॰ - *राजा पसेनदि सेनाय अब्भुय्यातो होति,* पाचि॰ 142; *अब्भुय्यातोति अभिउय्यातो; परसेनं अभिमुखो ... निग्गतोति अत्थो,* पाचि॰ अट्ठ॰ 113; *वेदेहिपुत्तो चतरङ्गिनिं सेनं सन्नय्हित्वा ममं अब्भुय्यातो,* स॰ नि॰ 1(1).100.

अब्भुसक्कमान त्रि॰, अभि + उ + √सक्क का वर्त॰ कृ॰, ऊपर की ओर उठता हुआ, ऊपर की ओर चढ़ रहा - **नो** पु॰, प्र॰ वि॰, ए॰ व॰ - *देवो आदिच्चो नभं अब्भुसक्कमानो दुद्दिक्खो होति ...,* दी॰ नि॰ 2.137; इतिवु॰ 16; *नभं अब्भुस्सक्कमानोति उदयट्ठानतो आकासं उल्लङ्घन्तो,* इतिवु॰ अट्ठ॰ 79; - **नं** पु॰, द्वि॰ वि॰, ए॰ व॰ - *वनन्ततो अब्भुस्सक्कमानं चन्दं भिन्दित्वा ... पुरतो हुत्वा ...,* म॰ नि॰ अट्ठ॰ (म॰प॰) 2.54.

अब्भुस्सहनता स्त्री॰, अपने को उत्तेजित या उत्साहित करने की प्रयत्नशीलता, उत्साहवर्द्धन - **ता** प्र॰ वि॰, ए॰ व॰ - *अनुसम्पवङ्कता अब्भुस्सहनता अनुबलप्पदानं ... अनुवादाधिकरणं कुसलं,* चूळव॰ 200; *अब्भुस्सहनताति कस्मा एवं न उपवदिस्सामि, उपवदिस्सामियेवा'ति उस्साहं कत्वा अनुवदना,* चूळव॰ अट्ठ॰ 39.

अब्भुस्साह पु॰, [अभ्युत्साह], शक्ति, बल, प्रबल उत्साह - **हं** द्वि॰ वि॰, ए॰ व॰ - *अब्भुस्साहं जनेन्तो समुत्तेजेसि,* सु॰ नि॰ अट्ठ॰ 2.152.

अब्भुस्साहितहदय त्रि॰, ब॰ स॰ [अभ्युत्साहितहृदय], अत्यधिक उत्साह से भरपूर हृदय वाला - **यो** पु॰, प्र॰ वि॰, ए॰ व॰ - *केवलन्तु महाकरुणाय अब्भुस्साहितहदयो सत्तानं परमहिताय अदेसयीति,* खु॰ पा॰ अट्ठ॰ 152.

अब्भेति आ + √व्हे का वर्त॰, प्र॰ पु॰, ए॰ व॰ [आह्वयति], आह्वान करता है, बुलाता है, आमन्त्रित करता है, अस्थायी रूप से निष्कासित भिक्षु को पुनः सङ्घ में बुलाता है या प्रतिष्ठित करता है - *मानत्तारहं अब्भेति ... अब्भानारहं उपसम्पादेति,* महाव॰ 424; *उपसम्पदारहं अब्भेति,* महाव॰ 426; - **तु** अनु॰, प्र॰ पु॰, ए॰ व॰ - *सङ्घो उदायिं भिक्खुं अब्भेतु,* चूळव॰ 100; - **य्य** विधि॰, प्र॰ पु॰, ए॰ व॰ - *एकेनापि वीसतिगणो भिक्खुसङ्घो तं भिक्खुं अब्भेय्य,* पारा॰ 290; - **तब्ब** त्रि॰, सं॰ कृ॰ - *अब्भेतब्बोति अभिएतब्बो सम्पटिच्छितब्बो,* पारा॰ अट्ठ॰ 2.193.

अब्भोकास पु॰, [अभ्यवकाश], खुला स्थान, खुली जगह, खुला आकाश - **सो** प्र॰ वि॰, ए॰ व॰ - *सम्बाधो घरावासो रजोपथो, अब्भोकासो पब्बज्जा,* दी॰ नि॰ 1.55; *अलग्गनट्ठेन अब्भोकासो वियाति अब्भोकासो,* दी॰ नि॰ अट्ठ॰ 1.148; - **सं** द्वि॰ वि॰, ए॰ व॰ - *अब्भोकासन्ति अच्छन्नं,* दी॰ नि॰ अट्ठ॰ 1.171; - **गत** त्रि॰, खुले स्थान में स्थित - **तो** पु॰, प्र॰ वि॰, ए॰ व॰ - *अब्भोकासगतो खो, देव, आरञ्ञको नागो'ति,* म॰ नि॰ 3.173; *सुञ्ञागारगतोपि ... अब्भोकासगतोपि,* अ॰ नि॰ 3(2).101; - **सय** त्रि॰, खुले स्थान या आकाश के नीचे लेटा हुआ - **यो** पु॰, प्र॰ वि॰, ए॰ व॰ - *अब्भोकाससयो जन्तु, वजन्त्या खीरपायितो,* जा॰ अट्ठ॰ 4.358.

अब्भोकासिक त्रि॰, [आभ्यवकासिक, तुल॰ अभ्रावकाशिक], खुले स्थान में रहने वाला, किसी विशिष्ट तापस का पदनाम या अभिधान - **को** पु॰, प्र॰ वि॰, ए॰ व॰ - *अब्भोकासिकोपि होति यथासन्थतिको,* दी॰ नि॰ 1.150; - **कस्स** पु॰, ष॰ वि॰, ए॰ व॰ - *नाहं, भिक्खवे, अब्भोकासिकस्स अब्भोकासिकमत्तेन सामञ्ञं वदामि,* म॰ नि॰ 1.354; - **का** स्त्री॰, प्र॰ वि॰, ए॰ व॰ - *रुक्खमूलिका अब्भोकासिका पळालपुञ्जिका,* मि॰ प॰ 309; - **कङ्ग** नपुं॰, खुले स्थान पर रहने वाले तापसों की चर्या का एक अङ्ग - *छन्नरुक्खमूलानि पटिक्खिपित्वा अब्भोकासिकङ्गसमादानेन अब्भोकासिको,* थेरगा॰ अट्ठ॰ 2.274.

अब्भोकासी त्रि॰, [अभ्यवकाशिन्], खुले स्थान में रहने वाला, आकाश के नीचे निवास करने वाला - **सी** पु॰, प्र॰ वि॰, ए॰ व॰ - *अब्भोकासी साततिको ...,* थेरगा॰ 853.

अब्भोकिरति अभि + अव + √किर का वर्त॰, प्र॰ पु॰, ए॰ व॰ [अभ्यवकिरति], चारों ओर से ढकता है, आच्छादित करता या फैलाता है - **रिस्सं** अद्य॰, उ॰ पु॰, ए॰ व॰ - *अब्भोकिरिस्सं पत्तेहि पसन्ना सेहि पाणिभि,* वि॰ व॰ 39; *अब्भोकिरिस्सन्ति अभिओकिरिं अभिप्पकिरिं,* वि॰ व॰ अट्ठ॰ 29.

अब्भोकिरण नपुं॰, अभि + अव + किर से व्यु॰, क्रि॰ ना॰, मुखौटा, चारों ओर से ढक देना या लपेट देना - **णं** प्र॰ वि॰, ए॰ व॰ - *सोभनकन्ति नटानं अब्भोकिरणं,* दी॰ नि॰ अट्ठ॰ 1.77.

अब्रह्म त्रि॰, [अब्राह्म], अपवित्र, अशुद्ध, हीन, अश्रेष्ठ, सांसारिक, घटिया - **ह्मं** पु॰, द्वि॰ वि॰, ए॰ व॰ - *अब्रह्मं हीनं लामकधम्मं चरन्तीति अब्रह्मचारी,* म॰ नि॰ अट्ठ॰ (मू॰प॰) 1(1).196.

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

अब्रह्मचरिय नपुं., [अब्रह्मचर्य], पापाचार, दुराचार, हीन जीवनपद्धति, ब्रह्मचर्य का अभाव, अपरिशुद्ध जीवन - **यं** पु., द्वि. वि., ए. व. - *अब्रह्मचरियं परिवज्जयेय्य, अङ्गारकासुं जलितं व विञ्ञू,* सु. नि. 398; *अब्रह्मचरियं पहाय ब्रह्मचारी समणो गोतमो,* दी. नि. 1.4; - **या** प. वि., ए. व. - *अब्रह्मचरिया विरमेय्य मेथुना,* सु. नि. 402; - **येन** तृ. वि., ए. व. *परिसुद्धं ब्रह्मचरियं ... अब्रह्मचरियेन अनुद्धंसेति,* पारा. 109 110; - **वास** पु., [अब्रह्मचर्यवास], अधार्मिक जीवन, अपवित्र जीवन, ब्रह्मचर्यवास के विपरीत जीवन - **सो** प्र. वि., ए. व. - *सो अब्रह्मचरियवासो ... ब्रह्मचरिया निब्बिज्ज पक्कमति,* म. नि. 2.197; **सा** ब. व. *तेन भगवता जानता पस्सता अरहता सम्मासम्बुद्धेन चत्तारो अब्रह्मचरियवासा अक्खाता,* म. नि. 2.192.

अब्रह्मचारी त्रि., [अब्रह्मचारिन्], उत्तम चर्या का पालन न करने वाला, व्यभिचारी, ब्रह्मचर्य या परिशुद्ध जीवन न जीने वाला, दुराचारी **री** पु., प्र. वि., ए. व. - *समणपटिञ्ञा अब्रह्मचारी, ब्रह्मचारिपटिञ्ञो अन्तोपूति,* महानि. 168; *अब्रह्मचारीति सेट्ठचरिया विरहितो,* महानि. अट्ठ. 270; **री** प्र. वि., ब. व. - *अब्रह्मं हीनं लामकधम्मं चरन्तीति अब्रह्मचारी,* म. नि. अट्ठ. (मू.प.) 1(1).196.

अब्रह्मञ्ञ त्रि., [अब्राह्मण्य], ब्राह्मण अर्थात् आस्रवों का क्षय कर चुके अर्हतों के प्रति असौहार्दपूर्ण, अर्हतों के प्रति आदर भाव न रखने वाला, ब्राह्मणों का सम्मान न करने वाला - **ञ्ञो** पु., प्र. वि., ए. व. - *पुरिसो अमत्तेय्यो अपेत्तेय्यो असामञ्ञो अब्रह्मञ्ञो,* अ. नि. 1(1).163; *अब्रह्मञ्ञोति एत्थ च खीणासवा ब्राह्मणा नाम, तेसु मिच्छा पटिपन्नो अब्रह्मञ्ञो नाम,* अ. नि. अट्ठ. 2.118; - **ता** स्त्री., अब्राह्मण्य का भाव., अर्हतों एवं ब्राह्मणों के प्रति असौहार्दपूर्णता - **ता** प्र. वि., ए. व. - *असामञ्ञता अब्रह्मञ्ञता न कुले जेट्ठापचायिता,* दी. नि. 3.52.

अब्राह्मण पु., [अब्राह्मण], वह व्यक्ति जो ब्राह्मण नहीं है, ब्राह्मणत्वविरहित व्यक्ति, ब्राह्मण के गुणों एवं धर्म से सर्वथा रहित **णो** प्र. वि., ए. व. - *न जच्चा ब्राह्मणो होति, न जच्चा होति अब्राह्मणो, कम्मुना ब्राह्मणो होति, कम्मुना होति अब्राह्मणो,* सु. नि. 655; **णं** द्वि. वि., ए. व. - *ब्राह्मणो हि चे त्वं ब्रूसि, मञ्च ब्रूसि अब्राह्मणं,* सु. नि. 460; - **णे** द्वि. वि., ब. व. - *ब्राह्मणा"इमेहि चण्डालुच्छिट्ठकं पीत"न्ति अब्राह्मणे करिंसु,* जा. अट्ठ. 4.348; - **करण** त्रि., वह अवस्था जो ब्राह्मणकारी न हो, ब्राह्मण न करने वाला या न बनाने वाला धर्म **का** पु., प्र. वि., ब. व. *ये धम्मा अब्राह्मणकारका,* दी. नि. 1.222.

अभक्ख त्रि., [अभक्ष्य], वह, जो भक्षण योग्य न हो, न खाने योग्य, अखाद्य जो भोजन के रूप में उपयुक्त न हो - **क्खो** पु., प्र. वि., ब. व. *न चापि मे सीवलि सो अभक्खो ...,* जा. अट्ठ. 6.77; *अभक्खोति सो पिण्डपातो मम अभक्खो नाम न होति,* तदे.; - **सम्मतभाव** पु., अभक्ष्य के रूप में समझा जाना, अभक्ष्य के रूप में अनुमोदित रहना **वं** द्वि. वि., ए. व. - *अत्तनो सरीरमंसस्स अभक्खसम्मतभावं दस्सेतुं* ..., जा. अट्ठ. 6.91.

अभच्च त्रि., [अभृत्य], वह, जो भृत्य न हो या भरण पोषण योग्य न हो **च्चा** पु., प्र. वि., ब. व. - *अन्नभच्चा चभच्चा च, योध उद्दिस्स गच्छति,* जा. अट्ठ. 2.306; *इतरे तथा अभरितब्बत्ता अभच्चा,* जा. अट्ठ. 2.307.

अभजना स्त्री., असेवन, असाहचर्य, असम्पर्क, असंसर्ग **ना** प्र. वि., ए. व. - *असेवनाति अभजना अपयिरुपासना,* खु. पा. अट्ठ. 99.

अभजन्त त्रि., √भज के वर्त. कृ. का निषे. [अभजत्], अनिच्छुक, अप्रवृत्त, किसी तरह का सरोकार न रखने वाला, प्रतिपक्षी **न्तं** पु., द्वि. वि., ए. व. - *भजे भजन्तं पुरिसं, अभजन्तं न भज्जये,* जा. अट्ठ. 5.221; *अभजन्तन्ति पच्चत्थिकं,* जा. अट्ठ. 5.222.

अभण्डन नपुं., [अभण्डन], अविग्रह, अकलह, सामञ्जस्य, मैत्रीभाव - **नं** प्र. वि., ए. व. - *इति अभण्डनं इति अविग्गहो इति अकलहो,* स. नि. 1(1).259.

अभद्दक 1. त्रि., [अभद्र], अमाङ्गलिक, अकल्याणकारक, अनर्थकारी - **कं** स्त्री., द्वि. वि., ए. व. - *तस्स हीनेन मनसा, वाचं भासिं अभद्दकं,* अप. 1.99; *अग्गसावकस्स हीनेन लामकेन मनसा चित्तेन अभद्दकं असुन्दरं अयुत्तकं* ..., अप. अट्ठ. 2.68; 2. नपुं., अकल्याण, बुराई **कं** द्वि. वि., ए. व. - *तस्स पुग्गलस्स अभद्दकं अनत्थं मनसापि न चिन्तेय्य न पिहेय्य,* पे. व. अट्ठ. 102; **केन** तृ. वि., ए. व. *अपरभागे पापेन अभद्दकेन अनत्थकेन बाधति,* पे. व. अट्ठ. 102.

अभन्त त्रि., [अभ्रान्त], प्रशान्त, भ्रम में नहीं पड़ा हुआ, व्युपशान्त - **न्तं** नपुं., प्र. वि., ए. व. *अभन्तं होति मे चित्तं, अखिलो होमि कस्सचि,* अप. 1.355.

अभब्ब त्रि., [अभव्य], क. अक्षम, असमर्थ नहीं हो सकने योग्य - **ब्बो** पु., प्र. वि., ए. व. - *चतूहपायेहि च विप्पमुत्तो*

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

छच्चाभिठानानि अभब्बो कातुं, सु॰ नि॰ 234; *अभब्बो सो तस्स पटिच्छदाय, अभब्बता दिट्ठपदस्स वुत्ता,* सु॰ नि॰ 235; **ख**. अयोग्य, अनाड़ी – **ब्बा** पु॰, प्र॰ वि॰, ब॰ व॰ – *ये पन सत्ता अभब्बा, ते धम्मामतेन हञ्ञन्ति पतन्ती ति,* मि॰ प॰ 164; **ग**. अकुशल, विपाक न देने वाला, दुर्बल – *अत्थि कम्मं अभब्बं अभब्बाभासं,* म॰ नि॰ 3.263; *अभब्बन्ति भूतविरहितं अकुसलं,* म॰ नि॰ अट्ठ॰ (उप॰प॰) 3.193; – **ट्ठान** नपुं॰, [अभव्यस्थान], **क**. अनुपयुक्त अवस्था, अनर्ह अवस्था – **नं** द्वि॰ वि॰, ए॰ व॰ – *इमे अट्ठ अत्तनो किरियाय विपन्नत्ता अभब्बट्ठानं पत्ताति पाराजिकाव,* पारा॰ अट्ठ॰ 2.93; *अभब्बट्ठाने वज्जेत्वा वारयन्ती अनाचारं,* अप॰ 2.221; **ख**. अकरणीय बातें, अनैतिक आचरण – **नानि** प्र॰ वि॰, ब॰ व॰ – *पञ्च अभब्बट्ठानानि,* दी॰ नि॰ 3.187; – **ट्ठानत्त** नपुं॰, [अभव्यस्थानत्व], अनुपयुक्त अवस्था का होना – **त्ता** प॰ वि॰, ए॰ व॰ – *बोधिसत्ता हि अरूपसमापत्तिलाभिनो हुत्वापि अभब्बट्ठानत्ता आरुप्पे न निब्बत्तन्ति,* जा॰ अट्ठ॰ 1.388; – **ता** स्त्री॰, अभब्ब का भाव॰, अनुपयुक्तता, अयोग्यता, अक्षमता – *अभब्बता वुत्ता,* अ॰ नि॰ 1(1).263; *न हि मया ... अरियपुग्गलस्स अभब्बता कथिता,* अ॰ नि॰ अट्ठ॰ 2.208; – **ताय** तृ॰ वि॰, ए॰ व॰ – *रज्जुमालापि अत्तानं विनिपातेतुं अभब्बताय खन्तिमेत्तानुद्दयसम्पन्नताय ...,* वि॰ व॰ अट्ठ॰ 175; – **त्त** नपुं॰, अभब्ब का भाव॰ [अभव्यत्व], उपरिवत् – **त्ता** प॰ वि॰, ए॰ व॰ – *मातरं जीविता वोरोपनादीनं अभब्बत्ता ञायेन कारणेन ... अत्थो,* दी॰ नि॰ अट्ठ॰ 2.297; – **पुग्गल** पु॰, [अभव्यपुद्गल], अकुशल कर्मों को करने वाला व्यक्ति, अनुत्तम व्यक्ति, अयोग्य या असमर्थ व्यक्ति – **लेन** तृ॰ वि॰, ए॰ व॰ – *"अभब्बपुग्गलेन मया भवितब्ब"न्ति वीरियं ओस्सजित्वा आगतोम्हीति,* जा॰ अट्ठ॰ 1.114; – **ला** प्र॰ वि॰, ब॰ व॰ – *एकादस अभब्बपुग्गला,* पारा॰ अट्ठ॰ 2.93; – **ब्बागमन** त्रि॰, ब॰ स॰, उच्च आध्यात्मिक अवस्था तक पहुंचने में अयोग्य, आध्यात्मिक उन्नति प्राप्त करने के लिये अक्षम – **नो** पु॰, प्र॰ वि॰, ए॰ व॰ – *कतमो च पुग्गलो अभब्बागमनो ? ये ते पुग्गला कम्मावरणेन समन्नागता,* पु॰ प॰ 119; *अभब्बागमननिद्देसे सम्मत्तनियामागमनस्स अभब्बोति अभब्बागमनो,* पु॰ प॰ अट्ठ॰ 36; – **ब्बापत्तिक** त्रि॰, ब॰ स॰, भिक्षुसंघ द्वारा निर्धारित किसी भी अपराध का दोषी न होने योग्य – **को** पु॰, प्र॰ वि॰, ए॰ व॰ – *अभब्बापत्तिको को च, भब्बापत्तिकोपुग्गलो,* उत्त॰ वि॰ 433; – **ब्बाभास** त्रि॰, ब॰ स॰ [अभव्याभास], दूसरे दुर्बल अकुशल को अभिभूत कर लेने वाला – **सं** नपुं॰, प्र॰ वि॰, ए॰ व॰ – *अत्थि कम्मं अभब्बं अभब्बाभासं ...,* म॰ नि॰ 3.263; *अभब्बाभासन्ति अभब्बं आभासति अभिभवति पटिबाहतीति अत्थो,* म॰ नि॰ अट्ठ॰ (उप॰प॰) 3.193; – **ब्बुपपत्तिक** त्रि॰, ब॰ स॰ [अभव्युत्पत्तिक], पुनः जन्म न लेने वाला, पुनः उत्पन्न न होने वाला – **को** पु॰, प्र॰ वि॰, ए॰ व॰ – *पटिपस्सद्धो अभब्बुप्पत्तिको ञाणग्गिना दड्ढो,* महानि॰ 38; *अभब्बुप्पत्तिकोति पुन उप्पज्जितुं अभब्बो,* महानि॰ अट्ठ॰ 133.

अभय[1] त्रि॰, ब॰ स॰ [अभय], भय-रहित, सुरक्षित, निर्भय, भयमुक्त – **यो** पु॰, प्र॰ वि॰, ए॰ व॰ – *खेमी अवेरी अभयो, पण्डितोति पवुच्चति,* ध॰ प॰ 258; – **या** स्त्री॰, प्र॰ वि॰, ए॰ व॰ – *दिसा अभया अनीतिका अनुपद्दवा,* पारा॰ 254; – **यानि** नपुं॰, प्र॰ वि॰, ब॰ व॰ – *येन येन सुभिक्खानि, सिवानि अभयानि च,* थेरगा॰ 82.

अभय[2] नपुं॰, [अभय], **शा॰ अ॰** भय का अभाव, **ला॰ अ॰** कल्याण की अवस्था, निर्वाण – **ये** सप्त॰ वि॰, ए॰ व॰ – *अभये भयदस्सिनो, भये चाभयदस्सिनो,* ध॰ प॰ 317; *भया पमुत्तो अभये विमुत्तो,* स॰ नि॰ 1(1).181; *अभयेति निब्बाने,* स॰ नि॰ अट्ठ॰ 1.194; – **यं** द्वि॰ वि॰, ए॰ व॰ – ... *ओलोकेन्तो द्वे सुवण्णमिगे दिस्वा तेसं अभयं अदासि,* जा॰ अट्ठ॰ 1.154.

अभय[3] पु॰, [अभय], **1.क**. अत्थदस्सी बुद्ध का प्रधान सेवक या उपस्थापक – *अभयो नामुपट्ठाको, अत्थदस्सिस्स सत्थुनो,* बु॰ वं॰ 16.19; जा॰ अट्ठ॰ 1.49; **ख**. लिच्छवी राजकुमार का नाम – *अभयो च लिच्छवि येन भगवा तेनुपसङ्कमिंसु,* अ॰ नि॰ 1(2).229; **ग**. एक राजकुमार का नाम, जो बिम्बिसार तथा पदुमावती का पुत्र था – *अभयो नाम राजकुमारो कालस्सेव राजुपट्ठानं गच्छन्तो ...,* महाव॰ 357; – **राजकुमारवत्थु** नपुं॰, ध॰ प॰ अट्ठ॰ का एक खण्ड का शीर्षक, ध॰ प॰ अट्ठ॰ 2.94-95; – **राजकुमारसुत्त** नपुं॰, म॰ नि॰ के एक सुत्त का शीर्षक, म॰ नि॰ 2.62; **घ**. श्रीलंका के अनेक राजाओं या महान् व्यक्तियों का नाम, **1**. ओजदीप के अभयपुर के एक राजा का नाम – *ओजदीपेभयपुरे अभयो नाम खत्तियो,* दी॰ वं॰ 15.37; *कदम्बनदिया पारे तत्थ राजाभयो अहु,* म॰ वं॰ 15.59; **2**. पाण्डवों या पाण्डुवासुदेव के ज्येष्ठपुत्र का नाम – *सब्बजेट्ठोभयो नाम,* म॰ वं॰ 9.1; **3**. मुटसीव के पुत्र का नाम – *मुटसीवस्स अत्रजा अथञ्ञे दस भातुका,* दी॰ वं॰ 11.7; **4**. दुट्ठगामणि अभय – *दुट्ठगामणि सद्देन पाकटो भयनामको,* म॰ वं॰ 15.172; दी॰ वं॰ 19.24; **5**. देव (खञ्जदेव) के पिता का नाम – *अभयस्सन्तिमो पुत्तो देवो नामासि*

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

थामवा, म॰ वं॰ 23.78; **6.** यट्ठालायक तिस्स का पुत्र - *तस्स पुत्तो भयो तथा,* म॰ वं॰ 22.10; **7.** कुटिकण्ण के पुत्र (एक राजकुमार) का नाम - *पूजिता कुटिकण्णेन अभयेन यसस्सिना,* दी॰ वं॰ 18.38; *कुटिकण्णस्स अत्रजो अभयो नाम खत्तियो,* दी॰ वं॰ 21.1; **8.** वट्टगामणि अभय - *वट्टगामणी अभयो एवं द्वादसवस्सकं,* दी॰ वं॰ 20.19; **9.** आमण्डगामणी का पुत्र - *आमण्डगामणी भयो महादाठिकअच्चये,* म॰ वं॰ 35.1; **10.** चूळाभय - *आमण्डगामणीपुत्तो चूळाभयो ति विस्सुतो ... रज्जं कारेसि वस्सेकं चूळाभयमहीपति,* दी॰ वं॰ 21.38; **11.** अभयनाग - *अभयस्सच्चये भातु ... द्वे वस्सानि सिरिनागो लङ्कारज्जं अकारयि,* म॰ वं॰ 36.54.

अभयगत त्रि॰, [अभयगत], **शा॰ अ॰** सुरक्षा की स्थिति में पहुंचा हुआ, भयरहित स्थिति को प्राप्त; **ला॰ अ॰** निर्वाण की अवस्था को प्राप्त - **तो** पु॰, प्र॰ वि॰, ए॰ व॰ - *सरणगतो सरणप्पत्तो अभयगतो ... निब्बानप्पत्तो,* महानि॰ 15; *अभयगतोति मग्गेन निब्भयं गतो,* महानि॰ अट्ठ॰ 65.

अभयगल्लक पु॰, श्रीलङ्का के एक विहार का नाम - **कं** द्वि॰ वि॰, ए॰ व॰ - *मण्डवापिविहारं सो तथा अभयगल्लकं ... कारयि,* म॰ वं॰ 34.8.

अभयगिरि पु॰, [अभयगिरि], अभय के द्वारा निर्मित श्रीलंका के एक विहार या सङ्घाराम का नाम - **विहारं** द्वि॰ वि॰, ए॰ व॰ - *अभयगिरिविहारं सो पतिट्ठापेसि भूपति,* म॰ वं॰ 33.81; **- पब्बत** पु॰, विजयपुर में अवस्थित अभयगिरि नाम का एक पर्वत - **ते** सप्त॰ वि॰, ए॰ व॰ - *कच्चायनवण्णनं पन विजयपुरेयेव अभयगिरिपब्बते निसिन्नो महाविजितावी नाम थेरो अकासि,* सा॰ वं॰ 85(ना॰); **- वासी** पु॰, अभयगिरि में रहने वाले भिक्षुओं का वर्ग - **सीनं** ष॰ वि॰, ब॰ व॰ - *महासेनस्स नाम रञ्ञो काले अभयगिरिवासीनं भिक्खूनं ...,* सा॰ वं॰ 24(ना॰); **- वासिगण** पु॰, अभयगिरि में निवास करने वाले भिक्षुओं का एक गण - **णतो** प॰ वि॰, ए॰ व॰ - *अभिसङ्खरित्वा अभयगिरिवासिगणतो विसुं एको गणो अहोसि,* सा॰ वं॰ 23(ना॰); **- विहारवासी** त्रि॰, उसी विहार में रहने वाला - *सो च दुविधो पुब्बारामविहारवासी - अभयगिरिविहारवासीवसेनाति,* सा॰ वं॰ 156(ना॰).

अभयगिरिक पु॰, अभयगिरि में निवास करने वाला भिक्षुसङ्घ, स्थविरवाद से फूट कर निकली हुई भिक्षुओं की एक शाखा - **का** प्र॰ वि॰, ब॰ व॰ - *एवं तेभयगिरिका निग्गता थेरवादतो,* म॰ वं॰ 33.97; **- केहि** तृ॰ वि॰, ब॰ व॰ - *पभिन्नाभयगिरिकेहि दक्खिणविहारका यती,* म॰ वं॰ 33.98.

अभयघोसना स्त्री॰, [अभयघोषणा], उन्मुक्ति की घोषणा, निरापदता या असंक्राम्यता की उद्घोषणा - **नं** द्वि॰ वि॰, ए॰ व॰ - *चतूसु कण्णेसु देवसिकं अभयघोसनं घोसापेसि,* जा॰ अट्ठ॰ 4.382.

अभयङ्कर त्रि॰, [अभयङ्कर], अभयदान देने वाला, सुरक्षा करने वाला, भगवान् बुद्ध का एक अभिधान - **र** संबो॰, ए॰ व॰ - *नमो ते सब्बलोकग्ग, नमो ते अभयङ्कर,* अप॰ 2.147.

अभयद त्रि॰, [अभयद], सुरक्षादायक, सुरक्षा देने वाला - **दो** पु॰, प्र॰ वि॰, ए॰ व॰ - *अपिच अभयदो विय वीरपुरिसो बुद्धो,* खु॰ पा॰ अट्ठ॰ 12; **- दस्स** पु॰, ष॰ वि॰, ए॰ व॰ - *तस्साभयस्साभयदस्स भातु राजाभिसेकं अकरुं उळारं* म॰ वं 9.29.

अभयदक्खिणा स्त्री॰, [अभयदक्षिणा], सुरक्षित या भयरहित स्थिति का उपहार, अभयदान - **णं** द्वि॰ वि॰, ए॰ व॰ - *दत्वा अभयदक्खिणं,* जा॰ अट्ठ॰ 4.234.

अभयदस्सी त्रि॰, [अभयदर्शिन्], अभयदर्शी, किसी में या कहीं भी भय न देखने वाला, निर्भीक - **स्सिनो** पु॰, प्र॰ वि॰, ब॰ व॰ - *अभये भयदस्सिनो, भये चाभयदस्सिनो,* ध॰ प॰ 317.

अभयदान नपुं॰, [अभयदान], उन्मुक्ति का दान, निर्भयता का दान, निर्भीकता का उपहार - **नं** द्वि॰ वि॰, ए॰ व॰ - *अभयदक्खिणं याचेय्यामाति अभयदानं याचेय्याम,* स॰ नि॰ अट्ठ॰ 1.302; **- प्पकासन** नपुं॰, भयरहित अवस्था की घोषणा, निर्भयता का प्रकाशन - *रञ्ञो सन्तिके वसित्वा नगरे सब्बसत्तानं अभयदानपकासनत्थं सुवण्णभेरिं चरापेत्वा ...,* जा॰ अट्ठ॰ 3.240.

अभयदायक त्रि॰, [अभयदायक], उन्मुक्ति देने वाला, सुरक्षा देने वाला - **को** पु॰, प्र॰ वि॰, ए॰ व॰ - *एसो वीसति वस्सानि अभयो भयदायको,* म॰ वं॰ 10.52.

अभयनाग पु॰, श्रीलङ्का के एक राजा का नाम - *विस्सुतोभयनागो ति कनिट्ठो तस्स राजिनो,* म॰ वं॰ 36.42.

अभयपुर नपुं॰, ओजद्वीप में अवस्थित श्रीलंका के अभय नामक राजा की राजधानी का नाम - **रं** प्र॰ वि॰, ए॰ व॰ - *राजा अभयो नाम, नगरं अभयपुरं नाम,* पारा॰ अट्ठ॰ 1.60; **- रे** सप्त॰ वि॰, ए॰ व॰ - *ओजदीपेभयपुरे अभयो नाम खत्तियो,* दी॰ वं॰ 15.37.

अभयपत्त त्रि॰, [अभयप्राप्त], निर्भयभाव को प्राप्त, क्षेमप्राप्त, सुरक्षा प्राप्त, वह, जिसने सुरक्षा प्राप्त कर ली है, निर्वाण की अवस्था को प्राप्त कर चुका - **त्तो** पु॰, प्र॰ वि॰, ए॰ व॰ - *असमनुपस्सन्तो खेमप्पत्तो अभयप्पत्तो वेसारज्जप्पत्तो विहरामि,* म॰ नि॰ 1.105; *सो पारं गतो पारप्पत्तो ... अभयगतो अभयप्पत्तो,* महानि॰ 15.

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

अभयप्पद त्रि., [अभयप्रद], उन्मुक्ति देने वाला, सुरक्षा प्रदान करने वाला, निर्भय भाव को देने वाला – **दो** पु., प्र. वि., ए. व. - *अनाथानं भवं नाथो, भीतानं अभयप्पदो,* अप. 2.147.

अभयभीरुता स्त्री., भयभीरु के भाव. का निषे., भयों से नहीं डरना, कायरता या डरपोकपन का अभाव – **य** तृ. वि., ए. व. - *कुसलूपदेसे ... अनिवत्तितत्ता भयभीरुताय च,* जा. अट्ठ. 1.449; *अनिवत्तितत्ता भयभीरुताय चाति भयभीरुताय अनिवत्तितताय च,* तदे.; *कुसलूपदेसे ... अनिवत्तितत्ताभयभीरुताय च,* ध. प. अट्ठ. 2.329.

अभयमाता स्त्री., अभयमातु थेरी-गाथा की रचयित्री एक थेरी, थेरीगा. 33-34.

अभयराजव्ह त्रि., ब. स., विजयवाहु द्वारा निर्मित वनग्गामपासादमठ का अभयराज-नामक एक परिवेण – **व्हं** पु., द्वि. वि., ए. व. - *राजा तत्थ वनग्गामपासादव्हविहारकं ... कारेत्वा'भयराजव्हं परिवेणं च तस्स सो ... अदा,* चू. वं. 88.51-52.

अभयवापी स्त्री., अनुराधपुर की एक बावड़ी या सरोवर का नाम, अनुराधपुर के विस्तृत आयताकार जलाशय का नाम – **पिया** ष. वि., ए. व. - *यक्खं तु चित्तराजानं हेट्ठा अभयवापिया,* म. वं. 10.84; *पादे पितुद्वपेत्वापि जले अभयवापिया,* म. वं. 26.20.

अभयवास पु., निश्चिन्त भाव से निवास, शान्ति के साथ निवास, सुरक्षित निवास – *मिगानं पन अभयवासत्थाय दिन्नत्ता मिगदायोति वुच्चति,* दी. नि. अट्ठ. 2.55.

अभयसञ्ञा स्त्री., किसी चीज को भयरहित मानना, भय से रहित होने की समझ – **ञ्ञाय** तृ. वि., ए. व. - *भयदस्सनेन सभयेसु अभयसञ्ञाय,* सु. नि. अट्ठ. 1.8.

अभयसुत्त नपुं., म. नि. के एक सुत्त का शीर्षक, म. नि. 2.62.

अभया¹ स्त्री., [अभया], हर्रे, हरीतकी - *अभया तु हरीतकी,* अभि. प. 569.

